■ श्रावण शुक्ल - 10 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 6 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » शुक्रवार » 28-07-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com




# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





5 भाजपा त्रिपुरा के जनजातीय इलाके में अपनी पैठ बना रही : साहा

6 नैतिकता के मामलें में हम कब अव्वल होंगे?

7 भारत-पाक के बीच 'नफरत' का कारण है सियासी खेल : सनी देओल


## फर्स्ट टेक

### चीन ने पाकिस्तान को दिया 2.4 अरब डॉलर का कर्ज

**इस्लामाबाद/भाषा।** चीन ने नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को अपने विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने में मदद को दो साल के लिए 2.4 अरब डॉलर का कर्ज दिया है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, चीन के ईएक्सआईएम बैंक ने दो साल के लिए कुल 2.4 अरब डॉलर का कर्ज दिया है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 1.2 अरब डॉलर और वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1.2 अरब डॉलर का कर्ज दिया गया है। डार ने कहा, पाकिस्तान इन दो वित्त वर्ष में सिर्फ ब्याज का भुगतान करेगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कुछ समय पहले ही घोषणा की थी कि चीन ने पाकिस्तान की कमजोर अर्थव्यवस्था को देखते हुए मदद के लिए उसे 60 करोड़ डॉलर का कर्ज दिया है।

### ईयू ने माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ प्रतिस्पर्द्धा-रोधी जांच शुरू की

**ब्रसेल्स/एपी।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ प्रतिस्पर्द्धा-रोधी जांच शुरू की है। यह मामला माइक्रोसॉफ्ट के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ऐप 'टीम्स' को उत्पादकता सॉफ्टवेयर 'एमएस ऑफिस' के साथ संबद्ध करने से उसे मिलने वाली अनुचित बढ़त से संबधित है। ईयू के शासकीय निकाय यूरोपीय आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह माइक्रोसॉफ्ट के टीम्स ऐप को ऑफिस सॉफ्टवेयर के साथ जोड़ने से अमेरिकी कंपनी को अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में बढ़त मिलने के आरोप की सघन जांच करेगा। उसने कहा कि इस मामले को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाएगा। यह जांच लोकप्रिय कार्यस्थल संदेश सॉफ्टवेयर बनाने वाली स्लैक टेक्नोलॉजीज की ओर से 2020 में माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ की गई शिकायत पर की जा रही है।

### दक्षिण-पूर्वी यूक्रेन में युद्ध तेज हुआ, यूक्रेनी सेना को भारी नुकसान : पुतिन

**कीव/एपी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि दक्षिण-पूर्वी यूक्रेन के जपोरिजिया क्षेत्र में भीषण युद्ध हो रहा है। पश्चिमी देश के एक अधिकारी ने पहले बताया था कि कीव ने रूसी सेना को पीछे धकेलने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। अफ्रीकी नेताओं के सम्मेलन के लिए सेंट पीटर्सबर्ग में मौजूद पुतिन ने कहा कि जिस 'बहादुरी' से रूसी सेना ने यूक्रेन के हमलों का जवाब दिया है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने दावा किया कि रूसी सेना ने न सिर्फ कई सैन्य उपकरणों को नष्ट किया है, बल्कि कीव के बलों को भारी नुकसान भी पहुंचाया है।

| | |
|---|---|
| 28-07-2023 सूर्यास्त 6:48 बजे | 29-07-2023 सूर्योदय 6:04 बजे |
| BSE 66,266.82 (-440.38) | NSE 19,659.90 (-118.40) |
| सोना 6,195 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 77,080 रु. प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**दोषारोपण**

डेमोक्रेसी के चार स्तंभ,
जिनके अपने मजबूत जोन।
जनता के सम्मुख बढ़चढ़ कर।
कह रहे स्वयं को सभी डोन।
पर जब आए दायित्व बोध,
हो जाते हैं ये सभी मौन।
दौरा ए दोषारोपण में,
बोलो है जिम्मेदार कौन।।



# आम लोगों के सपने पूरे होने से विपक्षी दल गुस्से में हैं : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**राजकोट/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विपक्षी दल गुस्से में हैं क्योंकि उन्हें देश के आम लोगों के सपने पूरे होते दिख रहे हैं।

मोदी ने राजकोट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कहा कि उनकी सरकार ने महंगाई को नियंत्रण में रखने के लिए कड़ी मेहनत की है। प्रधानमंत्री ने कहा, जो लोग देश के लोगों को (विकास के लिए) प्यासा रखते थे, जिन्हें लोगों की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं की कोई चिंता नहीं थी, वे क्रोधित हैं क्योंकि वे देख सकते हैं कि देश के लोगों के सपने पूरे हो रहे हैं।

मोदी ने 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) बनाने वाले विपक्षी दलों के स्पष्ट संदर्भ में कहा, आज इन भ्रष्ट और वंशवादी लोगों ने अपनी जमात का नाम बदल दिया है; चेहरे पुराने हैं, लेकिन व्यवहार वही है और लक्ष्य भी वही है। उन्होंने कहा, हम सुशासन की गारंटी के साथ सत्ता में आए थे और पिछले नौ वर्षों में हमने ऐसा करके दिखाया है।

### प्रधानमंत्री ने राजकोट शहर के निकट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया

**राजकोट/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को गुजरात में राजकोट शहर के निकट एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, यह राज्य का पहला ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा है और इसे 1,405 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। इसमें कहा गया कि राजकोट से लगभग 30 किलोमीटर दूर हीरासर गांव में स्थित हवाई अड्डा परिसर 1,025.50 हेक्टेयर (2,534 एकड़) क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें से भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण ने 1,500 एकड़ क्षेत्र में हवाई अड्डे का निर्माण किया है। विज्ञप्ति के अनुसार, इसमें 3,040 मीटर (3.04 किलोमीटर) लंबा और 45 मीटर चौड़ा रनवे है जहां 14 विमान खड़े किए जा सकते हैं।

## फर्जी खबरें फैलाने पर 635 वेबसाइट को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए गए : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली/भाषा। सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि फर्जी खबरें प्रकाशित करने पर यूट्यूब आधारित 120 समाचार चैनलों सहित 635 'यूआरएल' (वेबसाइट) को ब्लॉक करने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इन वेबसाइट ने ऐसी सामग्री का प्रकाशन किया था जो भारत की संप्रभुता और अखंडता, देश की रक्षा, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों या लोक व्यवस्था के हित में नहीं थीं। ठाकुर ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने दिसंबर, 2021 से, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियम, 2021 के भाग-तीन के प्रावधानों के तहत यूट्यूब आधारित 120 समाचार चैनलों सहित 635 वेबसाइट को ब्लॉक करने के लिए निर्देश जारी किए हैं।

ज्ञानवापी सर्वेक्षण मामले में

## उच्च न्यायालय तीन अगस्त को फैसला सुनाएगा

### तब तक सर्वेक्षण पर रोक बरकरार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**प्रयागराज/भाषा।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को ज्ञानवापी सर्वेक्षण मामले में सुनवाई के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया। अदालत तीन अगस्त को निर्णय सुनाएगी। तब तक एएसआई सर्वेक्षण पर लगी रोक बरकरार रहेगी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर की अदालत में बृहस्पतिवार को अपराह्न तीन बजकर 15 मिनट पर सुनवाई शुरू हुई। चूंकि मुख्य न्यायाधीश की अदालत में नियमित कार्य पूरा हो गया था, इसलिए न्यायमूर्ति दिवाकर ने दोनों पक्षों के वकीलों को बहस करने के लिए कहा।



सुनवाई शुरू होने पर भारतीय पुरात्व विभाग (एएसआई) के अपर निदेशक ने अदालत को बताया कि एएसआई किसी हिस्से में खुदाई कराने नहीं जा रही है। वह मुख्य न्यायाधीश के सवाल का जवाब दे रहे थे। मुख्य न्यायाधीश ने पूछा कि आपका का उत्खनन (एक्सकेवेशन) से क्या आशय है? एएसआई के अधिकारी ने कहा कि काल निर्धारण और पुरातत्विक गतिविधियों से जुड़ी किसी गतिविधि को उत्खनन कहा जाता है, लेकिन हम स्मारक के किसी हिस्से की खुदाई (डिगिंग) करने नहीं जा रहे। मस्जिद कमेटी के वकील ने दलील दी कि वाद की पोषणीयता स्वयं उच्चतम न्यायालय में लंबित है और यदि उच्चतम न्यायालय बाद में इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि यह वाद पोषणीय नहीं है तो संपूर्ण कवायद बेकार जाएगी।

## भारत की जन केंद्रित विदेश नीति समाज की आकांक्षाओं से निर्देशित : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को संसद में कहा कि आज के जटिल अंतरराष्ट्रीय मामलों के बीच भारत की जन केंद्रित विदेश नीति समाज की मांगों और आकांक्षाओं द्वारा निर्देशित होती है जिसके माध्यम से स्थिरता को बढ़ावा देते हुए देश अपनी हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा कर रहा है और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढाव़ा दे रहा है।

जयशंकर ने संसद के दोनों सदनों में भारत की विदेश नीति में नवीनतम विकास के संबंध में स्वत: संज्ञान लेते हुए वक्तव्य दिया। उनके वक्तव्य के समय मणिपुर के मुद्दे पर दोनों सदनों में विपक्षी दलों के सदस्य नारेबाजी कर रहे थे।

विदेश मंत्री ने अपने वक्तव्य में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया विदेश यात्राओं का उल्लेख किया और कहा कि इन प्रयासों से भारत एक 'अस्थिर और अनिश्चित विश्व' में अपने राष्ट्रीय उद्देश्यों और हितों को आगे बढ़ाने में सक्षम हुआ है। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब अंतरराष्ट्रीय मामले अभूतपूर्व और जटिल हो गए हैं, तब हमारी जन केंद्रित विदेश नीति हमारे समाज की मांगों और आकांक्षाओं द्वारा निर्देशित होती है।

जयशंकर ने कहा, आज दुनिया मानती है कि जब भारत आवाज उठाता है तो न केवल अपने लिए बल्कि कई अन्य देशों के लिए आवाज उठाता है। भारत सभी की शांति सुरक्षा और समृद्धि के लिए आवाज उठाता है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रवासियों को भविष्य की संभावनाओं और उनकी जरूरतों के प्रति हमारी सरकार की संवेदनशीलता पर विश्वास मजबूत हुआ है।

विदेश मंत्री ने कहा, वैश्विक हित और स्थिरता के लिए एक शक्ति के रूप में काम करते हुए हमने अपने राष्ट्रीय हितों की दृढ़ता से रक्षा की है। हमने अपने कार्यों से यह प्रदर्शित किया है कि संकट काल में अपने लोगों को कभी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, मैं कहना चाहता हूं कि आज हम अपनी विदेश नीति के माध्यम से अच्छाई के वाहक के रूप में और स्थिरता का पोषण करते हुए अपनी हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढाव़ा दे रहे हैं।

### उद्घाटन




केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में एशियाई युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप के उद्घाटन के अवसर पर।

## स्टार निशान वाले नोट पूरी तरह वैध : रिजर्व बैंक

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 'स्टार' निशान वाले नोट की वैधता को लेकर जताई जा रही तमाम आशंकाएं खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि ये नोट किसी भी दूसरे वैध नोट के ही समान हैं। आरबीआई ने बयान में कहा कि गलत छपाई वाले नोट की जगह जारी किए जाने वाले नोट पर अंकित संख्या वाले पैनल में स्टार का निशान जोड़ा गया है। सीरियल नंबर वाले नोटों की गड्डी में गलत ढंग से छपे नोट के बदले स्टार निशान वाले नोट जारी किए जाते हैं। केंद्रीय बैंक ने यह स्पष्टीकरण नोटों के नंबर पैनल में स्टार निशान होने पर उनकी वैधता को लेकर कुछ सोशल मीडिया पोस्ट में आशंकाएं जाहिर किए जाने के बाद दिया है। आरबीआई ने कहा, स्टार निशान वाला बैंक नोट किसी भी दूसरे वैध नोट की ही तरह है।

महाराष्ट्र आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में

## एनआईए ने पांचवीं गिरफ्तारी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठन आईएसआईएस की हिंसक गतिविधियों को महाराष्ट्र में बढ़ावा देने के आरोप में एक और आरोपी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

आतंकवाद विरोधी संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि आरोपी की पहचान 43 वर्षीय अदनान अली सरकार के तौर पर हुई है और वह 28 जून को दर्ज किए गए मामले में गिरफ्तार किया गया पांचवां आरोपी है।

अधिकारी ने कहा कि सरकार को पुणे के कोंधवा इलाके में स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने उसकी गिरफ्तारी को आईएसआईएस महाराष्ट्र मॉड्यूल मामले में 'बड़ी सफलता' करार दिया।

अधिकारी ने कहा कि छापेमारी के दौरान इस्लामिक स्टेट इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से संबंधित दस्तावेज़ और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसी सामग्री मिली है।

प्रवक्ता ने बताया कि यह सामग्री आरोपी के आईएसआईएस के साथ संबंध और संवेदनशील युवाओं को भड़काकर और उन्हें भर्ती कर संगठन के हिंसक एजेंडे को बढ़ावा देने में उसकी भूमिका को बेनकाब करती है।

एनआईए के मुताबिक,आरोपियों ने आईएसआईएस की आतंकी गतिविधियों को आगे बढ़ाने की साजिश रची थी।

## मानवता के लिए भौतिक एवं आध्यात्मिक विकास आवश्यक : राष्ट्रपति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि भौतिकवादी परिवर्तन खुशी का कारक हो सकती है, लेकिन यह मानसिक शांति आध्यात्मिक मार्ग पर चलकर ही प्राप्त की जा सकती है इसलिए मानवता के लिए भौतिक एवं आध्यात्मिक विकास आवश्यक है।

सुश्री मुर्मू ने आज यहां शहर के बाहरी इलाके दसाबतिया में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के 'दिव्य लाइट हाउस' की आधारशिला रखते हुए यह मंतव्य जाहिर किया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी परिवर्तन की चालक है और विकास के लिए परिवर्तन अपरिहार्य एवं आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सिर्फ एक संगठन नहीं है, बल्कि महिलाओं की ओर से चलाया जाने वाला एक सामाजिक और आध्यात्मिक अभियान भी है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ध्यान और अनुशासित जीवन शैली के माध्यम से आध्यात्मिकता का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। राष्ट्रपति ने कहा, समय-समय पर कुछ नकारात्मक विचार हमारे मन को परेशान करते हैं और आत्मनिरीक्षण की कमी के कारण हम नकारात्मक सोच का शिकार होने लगते हैं।



**■ हमारे अंदर ईर्ष्या और नफरत की भावना बढ़ने लगती है। आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती नकारात्मक विचारों से छुटकारा पाकर सकारात्मकता की ओर कदम बढ़ाना है।**

श्रीमती मुर्मू ने कहा , हमारे अंदर ईर्ष्या और नफरत की भावना बढ़ने लगती है। आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती नकारात्मक विचारों से छुटकारा पाकर सकारात्मकता की ओर कदम बढ़ाना है। उन्होंने मानवता को जागरूक करने और लोगों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद करने के लिए ब्रह्माकुमारीज संगठन के प्रयासों की सराहना की।

इस मौके पर उन्होंने सेमिनार और सम्मेलन आयोजित करने के लिए वर्ष की थीम 'सकारात्मक परिवर्तन का वर्ष' को भी लॉन्च किया।

## पायरेसी को नियंत्रित करने पर केन्द्रित विधेयक राज्यसभा में पारित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** फिल्म उद्योग में पायरेसी मुद्दों को नियंत्रित करने पर केन्द्रित चलचित्र (संशोधन) विधेयक, 2023 बृहस्पतिवार को राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित हो गया। इस विधेयक में फिल्मों की अनधिकृत रिकॉर्डिंग एवं उसका प्रदर्शन करने पर दोषियों के खिलाफ जुर्माने व सजा का प्रावधान भी किया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने इस विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि पायरेसी के कारण फिल्म उद्योग को काफी नुकसान होता है और यह विधेयक इसके कारण फिल्मों को होने वाले नुकसान से बचाएगा। यह विधेयक चलचित्र अधिनियम 1952 को संशोधित करेगा। ठाकुर ने कहा, पायरेसी कैंसर की तरह है और इस कैंसर को जड़ से खत्म करने के लिए हम इस विधेयक के माध्यम से प्रयास कर रहे हैं। पायरेसी के कारण फिल्म जगत को 20,000 करोड़ रुपए का नुकसान होता है। आज फिल्म जगत की बहुत लंबे समय से आ रही मांग को पूरा करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में फिल्म प्रमाणन की प्रक्रिया को भी आसान करने का प्रावधान किया गया है।







# सत्य का मार्ग कठिन पर परिणाम सुखद होते हैं : सुधांशु महाराज

## जयनगर के पूर्णिमा कन्वेन्शन हॉल में होगा सुधांशु महाराज का प्रवचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। विश्व जागृति मिशन के तत्वावधान में जाने माने सुधांशुजी महाराज के मुखारबिंद से 'अमृत ज्ञानवर्षा' का चार दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। पहले दिन राजनकुंटे स्थित श्रीधाम आश्रम में सुधांशुजी महाराज ने सत्य के मार्ग पर चलने की सलाह देते हुए कहा कि मानव बुद्धिजीवी है और उसे विवेक से काम लेना चाहिए। सद्मार्ग शुरु में तो बहुत कठीन होता है परन्तु अंत में सुखद फलदायी होता है। संतश्री ने कहा कि सत्य को कोई पराजित नहीं कर सकता। व्यक्ति को सत्य मार्ग पर चलने में कठिनाई जरुरी आती है परन्तु लम्बे अंतराल में व्यक्ति को सुख मिलता है। सत्य हमेशा शाश्वत होता है, सत्य को छिपाया जा सकता है परन्तु उसे प्रकट होने से भी रोका नहीं जा सकता। सत्य जीवन जीने की कला है। सत्य हमें प्रभु की ओर उठाया हुआ पहला कदम है। व्यक्ति को हमेशा एक कदम उठाने का ही प्रयास करना चाहिए, क्योंकि बाद में तो सत्य का साथ देने वाले का हाथ स्वयं प्रभु संभाल लेते हैं। इससे पूर्व गुरुवार को सुबह आचार्य श्री का बेंगलूरु एयरपोर्ट पर आगमन हुआ।

संस्था के प्रधान केके टांटिया, सुभाष गोयल, गुलशन खन्ना, श्यामसुन्दर सुल्तानिया, प्रमोद टांटिया, आदित्य टांटिया, राजेन्द्र प्रसाद गोयल, गोपाल लाठ आदि ने संतश्री का स्वागत किया। आश्रम में संतश्री का भव्य स्वागत किया गया। आचार्यश्री ने सभी को आशीर्वाद दिया। प्रवचन के पश्चात आचार्यश्री चरण वंदना की गई। ज्ञातव्य है कि 28 व 29 को सुबह 9 व शाम 5 बजे से प्रवचन जयनगर चौथे ब्लॉक स्थित पूर्णिमा कन्वेन्शन हॉल में होगा। आखिरी दिन रविवार को सुबह 9 बजे से प्रवचन व सुबह 11.30 बजे से गुरु दीक्षा का कार्यक्रम पूर्णिमा कन्वेन्शन हॉल में होगा।

# वसीयतनामा के माध्यम से केएमवाईएफ को मिला 2 लाख रुपए का सहयोग

## सदस्यों ने स्व. पुष्पा विलोचना की उदारभावना की सराहना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक मारवाड़ी यूथ फेडरेशन एवं उसके सदस्यों को उस समय सुखद आश्चर्य हुआ जब फेडरेशन को 2 लाख रुपए का चैक प्राप्त हुआ। 31मई 2013 को दिवंगत हुई पुष्पा विलोचना की अंतिम वसीयत और वसीयतनामा के मामले में प्रोबेट सिविल याचिका में यह घोषणा की। केएमवाईएफ डायलिसिस प्रोजेक्ट के अध्यक्ष कुशल पिरगल ने बताया कि स्वर्गीय पुष्पा विलोचना, जो एक पंजीकृत लाभार्थी थीं, उन्हें अपनी डायलिसिस लागत का भुगतान करने के लिए अपनी मृत्यु तक 4 साल से अधिक समय तक वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। उन्होंने अपनी वसीयत में केएमवाईएफ को 2 लाख रुपये की वसीयत दी ।

निष्पादक आर. मंजूनाथ ने मृतक की इच्छा के अनुसार उसकी अचल संपत्ति को वितरित कर केएमवाईएफ सहित विभिन्न लाभार्थियों को अचल संपत्ति से प्राप्त राशि वितरित की। केएमवाईएफ और उसके सदस्य स्व. पुष्पा विलोचना के इस उदारभाव से प्रभावित हैं। उनका यह भाव अन्यों को समुदाय की सेवा करने और आर्थिक रूप से विकलांग व्यक्तियों की मदद करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध बनाता है। यह पहली बार है जब फेडरेशन को अपने प्राप्तकर्ता से धन प्राप्त हुआ है। केएमवाईएफ के अध्यक्ष रमेश सांखला ने भी इस उदार कार्य पर प्रसन्नता जताई।



# तेलंगाना में भारी बारिश जारी, राज्य सरकार ने प्रशासन को अलर्ट किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना की मुख्य सचिव ए शांति कुमारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में भारी बारिश का सिलसिला जारी रहने के चलते प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है। बारिश के कारण नदी-नालों और अन्य जल निकायों के उफान पर होने के कारण राज्य के निचले क्षेत्र जलमग्न हो गए हैं जबकि कई इलाकों में सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि मंदिरों के शहर भद्राचलम में गोदावरी नदी का जल स्तर दोपहर एक बजे तक 49.48 फुट पर पहुंच जाने से बाढ़ की दूसरी चेतावनी जारी की गई, जबकि तीसरी और अंतिम चेतावनी जल स्तर के 53 फुट पर पहुंचने पर जारी की जाती है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि निचले क्षेत्र के लोगों को राहत शिविरों में स्थानांतरित किया जा रहा है और अन्य जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। भारी बारिश के मद्देनजर मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शिक्षा मंत्री पी सबिता इंद्रा रेड्डी को राज्य की सभी शैक्षिक संस्थाओं में शुक्रवार को अवकाश घोषित करने का निर्देश दिया है।

मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य में बाढ़ की स्थिति की वरिष्ठ अधिकारी जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के साथ लगातार समीक्षा कर रहे हैं। विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल और अग्निशमन विभाग की टीम आपात स्थिति में किसी भी तरह के बचाव और राहत कार्यों को शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



# 'जीतो' जेबीएन ट्रेंडसेटर अचीवर्स की बैठक में हुआ 27 लाख का व्यापार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जीतो जेबीएन ट्रेंडसेटर अचीवर्स की बैठक एक होटल में आयोजित हुई। जीबीएन ट्रेंडसेटर अचीवर्स के रूप में टीएसएल 3 का आधिकारिक शुभारंभ किया गया, जिससे संगठन के सदस्यों के बीच विकास और सफलता कटिबद्ध हुए। ट्रेंडसेटर लीडर्स चैप्टर प्रेसिडेंट चिराग कटारिया, उपाध्यक्ष राजीव नाहाता और सचिव आशीष समदारिया ने बैठक का मार्गदर्शन किया तथा सभी का स्वागत करते हुए परिचय दिया। विक्रम बागरेचा ने नई टीम को प्रोत्साहित किया। जेबीएन ट्रेंडसेटर अचीवर्स के लिए मुख्य संचालन के लिए शुभम भंडारी को अध्यक्ष, ऋषभ जैन को उपाध्यक्ष और विक्रम भंसाली को सचिव के रूप में चुना। नए सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जीतो साऊथ के मुख्य सचिव दीपक श्रीश्रीमाल ने जेबीएन की नैतिकता और सफलता के मार्ग की महत्वता पर जोर दिया।

बैठक में 50 से अधिक व्यवसायी रेफरल पास किए तथा 26.79 लाख रुपए का व्यापार हुआ। बैठक में 28 अध्याय सदस्यों और 55 आगंतुकों और मेहमानों को एकत्रित किया गया। सहसमाधानकर्ता राजेश भंसाली ने धन्यवाद दिया।

जेबीएन ट्रेंडसेटर अचीवर्स चैप्टर ने जीटो बिजनेस नेटवर्क (जेबीएन) का एक जीवंत चैप्टर है, जो अपने सदस्यों के बीच विकास, सहयोग, और सफलता को बढ़ाने के लिए समर्पित है। इस मौके पर दीपक श्रीश्रीमाल, श्रीपाल बच्छावत, उदय जैन, अशोक मेहता, संजय भंडारी, राजेश ईसरानी, मनोज कोचर, तुषार बाफना, सीमा मेहता, विकास नागौरी, अनीश भोजनी, विक्रम बगरेचा और राजेश भंसाली उपस्थित थे।

# रसायन, पेट्रोरसायन क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना पर विचार करेगी सरकार: सीतारमण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार रसायन और पेट्रोरसायन क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का इरादा भारत को इन उत्पादों का विनिर्माण केंद्र बनाने का है।

वित्त मंत्री ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के कड़े नियमों और श्रम की बढ़ती लागत के मद्देनजर रसायन उद्योग के वैश्विक विनिर्माता अपने उत्पादों और उत्पादन क्षमता में विविधता लाने पर विचार कर रहे हैं और भारत विनिर्माण के लिए एक वैकल्पिक गंतव्य के रूप में उभर रहा है। उन्होंने 'भारत में वैश्विक रसायन और पेट्रोरसायन विनिर्माण केंद्र' विषय पर शिखर सम्मेलन के तीसरे संस्करण को संबोधित करते हुए बृहस्पतिवार को यहां कहा कि इसके अलावा भारत एक बड़ा घरेलू बाजार भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा, हम भारत को विनिर्माण केंद्र बनाना चाहते हैं। इसलिए हम रसायन और पेट्रोरसायन पर पीएलआई योजना लाने पर विचार करेंगे। सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि जिस उद्योग में व्यापक संभावनाएं हैं, उसे स्थिरता, कार्बन उत्सर्जन, सामान्य प्रदूषण और भूजल प्रदूषण को ध्यान में रखकर विनिर्माण क्षमता का निर्माण करना चाहिए।

वित्त मंत्री ने कहा, हमें याद रखना है कि भारत ने 2047 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने और 2070 तक शून्य कॉर्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य तबतक हासिल नहीं हो सकता, जबतक कि सभी उद्योग और सभी क्षेत्र इसमें अपना योगदान नहीं दें। सीतारमण ने कहा, हम हरित वृद्धि पर ध्यान दे रहे हैं। कार्बन गहनता को कम करने की जरूरत है। ऐसे में प्रत्येक क्षेत्र को इसमें योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा प्रतिबद्धताएं भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। भारतीय उद्योग जगत को शुद्ध शून्य उत्सर्जन और गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 500 गीगावॉट की स्थापित बिजली क्षमता के लक्ष्य को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने उद्योग जगत से हाइड्रोजन मिशन पर भी ध्यान देने का आग्रह किया।

सरकार ने उत्सर्जन में कटौती के लिए हरित हाइड्रोजन के विनिर्माण को प्रोत्साहन देने को 19,744 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है।

# 'अमेरिका में ब्याज दर में वृद्धि अपेक्षा के अनुरूप, आरबीआई संतुलित दृष्टिकोण अपनाएगा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि अपेक्षा के अनुरूप है और उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में संतुलित दृष्टिकोण अपनाएगा। विशेषज्ञों ने यह बात कही।

एक्सिस सिक्योरिटीज पीएमएस के मुख्य निवेश अधिकारी नवीन कुलकर्णी ने कहा कि अमेरिका में ब्याज दर में वृद्धि उम्मीद के अनुकूल है। उन्होंने कहा, नीतिगत दर में बड़े स्तर पर वृद्धि और मुद्रास्फीति की चुनौतियों के कम होने को ध्यान में रखते हुए, अभी प्रमुख ब्याज दर में बढ़ोतरी की आवश्यकता नहीं है। दर में और वृद्धि आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं के लिए हानिकारक हो सकती है जिससे मुश्किल स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। एडलवाइस म्यूचुअल फंड की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक राधिका गुप्ता ने कहा कि नीतिगत दर में वृद्धि उम्मीद के अनुकूल है। अमेरिकी और भारतीय बाजारों ने मजबूती दिखाया है। उन्होंने कहा कि बहरहाल, फेडरल रिजर्व के बयान के अनुसार उसने भविष्य में नीतिगत दर में वृद्धि का विकल्प खुला रखा है। कोटक महिंद्रा बैंक की इकाई कोटक चेरी के मुख्य कार्यकारी श्रीकांत सुब्रमण्यम ने कहा कि पिछली 12 नीतिगत बैठकों में यह 11वीं बढ़ोतरी है और एक और बढ़ोतरी की तैयारी है। उन्होंने कहा, आपूर्ति में कटौती और चीन में पुनरुद्धार की उम्मीद के साथ कच्चे तेल के दाम में फिर से तेजी देखी जा रही है।

# अजित पवार ने राकांपा के चिन्ह पर ठोका दावा, शरद पवार गुट ने कहा चुनाव आयोग को भेजेंगे 'जवाब'



**मुंबई/भाषा।** शरद पवार नीत राकांपा ने कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार गुट द्वारा पार्टी के नाम और चिह्न को लेकर किए गए दावे पर निर्वाचन आयोग ने उनकी प्रतिक्रिया को लेकर एक पत्र भेजा है, जिसका वे जवाब भेजेंगे। हालांकि अजित पवार गुट के नेता प्रफुल्ल पटेल ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया।

एनसीपी में बगावत करते हुए अजित पवार गुट दो जुलाई को महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गया था। सरकार में अजित पवार को उपमुख्यमंत्री पद जबकि 8 अन्य विधायकों को मंत्री पद प्रदान किया था। शरद पवार नीत राकांपा गुट के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाईड क्रास्टो ने कहा कि चुनाव आयोग ने अजित पवार के गुट द्वारा पार्टी के नाम और चिह्न पर दावा किए जाने को लेकर उनकी (शरद पवार गुट की) प्रतिक्रिया जानने के लिए एक पत्र भेजा है।




# एलआईसी ने नई योजना 'जीवन किरण' पेश की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/दक्षिण भारत।** भारतीय जीवन बीमा निगम ने गुरुवार को नई योजना, 'जीवन किरण' (योजना सं. 8%0) पेश की। जीवन किरण एक व्यक्तिगत, बचत, जीवन बीमा योजना है। यह प्रीमियम की वापसी के साथ जीवन कवर प्रदान करती है। योजना 18 वर्ष से लेकर 65 वर्ष की आयु तक के युवाओं के लिए उपलब्ध है। मध्यम जीवन कवर के लिए योजना में न्यूनतम बीमा राशि 15 लाख रुपए है। पॉलिसी अवधि 10 वर्ष से 40 वर्ष तक है। धूम्रपान न करने वालों और धूम्रपान करने वालों के लिए प्रीमियम दरें अलग-अलग हैं। प्रीमियम का भुगतान एकल प्रीमियम के माध्यम से या नियमित प्रीमियम के माध्यम से किया जा सकता है, जो पॉलिसी अवधि के लिए देय है। 50 लाख रुपए से अधिक की बीमा राशि के लिए, सारणीबद्ध प्रीमियम पर छूट उपलब्ध है।

## अजित पवार को सीएम बनने का अवसर मिलेगा : पटेल



**मुंबई/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के राज्यसभा सदस्य प्रफुल्ल पटेल ने बृहस्पतिवार को कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार लोकप्रिय और प्रभावशाली नेता हैं और उन्हें मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिलेगा। ऐसी अटकलों के संबंध में सवाल करने पर अजित पवार की राकांपा का समर्थन करने वाले पटेल ने नागपुर में कहा कि पद (मुख्यमंत्री का) खाली नहीं है, ऐसे में क्या बात करना। उन्होंने कहा, अजत पवार लोकप्रिय और प्रभावशाली नेता हैं। वह कई साल से हमारी पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। जो लोग काम करते हैं उन्हें आज, कल या परसों अवसर जरूर मिलता है। कई लोगों को अवसर मिला है। अजित दादा को भी मिलेगा, अगर आज नहीं तो कल या भविष्य में।

# प्रतिबंध के बावजूद यमन की यात्रा करने पर 422 भारतीयों के पासपोर्ट जब्त किए गए : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को बताया कि प्रतिबंध के बावजूद यमन की यात्रा करने के लिए 422 भारतीयों के पासपोर्ट जब्त किए गए हैं जबकि किसी अन्य देश की यात्रा के लिए कोई पासपोर्ट जब्त नहीं किया गया है।

राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में जयशंकर ने यह भी बताया कि प्रतिबंध के बावजूद यमन की यात्रा करने वाले व्यक्तियों के संबंध में सहानुभूति पूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए सरकार ने 169 लोगों के पासपोर्ट लौटा दिए है। उन्होंने बताया कि यमन में राजनीति और सुरक्षा की नाजुक स्थिति को देखते हुए भारत सरकार ने 26 सितंबर 2017 को एक अधिसूचना के माध्यम से वहां की यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया था। उन्होंने कहा कि यह अधिसूचना अभी तक लागू है। उन्होंने कहा, इस अधिसूचना के प्रावधानों के तहत यात्रा प्रतिबंध के बावजूद यमन की यात्रा करने पर भारतीय प्राधिकारियों द्वारा अब तक 422 पासपोर्ट जब्त किए हैं। किसी अन्य देश की यात्रा के लिए कोई पासपोर्ट जब्त नहीं किया गया है।

# लॉस एंजिलिस, बोस्टन के लिए उड़ानें शुरू करने की योजना बना रही है एयर इंडिया



**नई दिल्ली/भाषा।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया अमेरिकी शहर लॉस एंजिलिस और बोस्टन के लिए उड़ानें शुरू करने की योजना बना रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कंपनी इसके लिए विभिन्न प्रणालियों व मानकों पर भी गौर कर रही है। एयरलाइन वर्तमान में पांच अमेरिकी शहरों वॉशिंगटन डीसी, न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी, शिकॉगो और सैन फ्रांसिस्को के लिए सीधी उड़ानों का परिचालन करती है। एयर इंडिया की अभी यूनाइटेड एयरलाइंस के साथ 'कोड शेयर' साझेदारी है।

सूत्रों में से एक ने कहा, हम अमेरिका में विस्तार की योजना बना रहे हैं और संभावित नए गंतव्यों के लिए विभिन्न शहरों का मूल्यांकन किया जा रहा है। बोस्टन और लॉस एंजिलिस उन शहरों में से हैं जिनका मूल्यांकन किया जा रहा है। सूत्र ने कहा, हम अन्य प्रणालियों व मानकों पर भी गौर कर रहे हैं।

# भारत ने जून 2023 तक 70.10 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता हासिल की : सरकार

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने 2022 तक 100 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया था और जून 2023 तक 70.10 गीगावाट क्षमता प्राप्त की है। सरकार ने लोकसभा केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने लोकसभा में प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी देते हुए बताया कि 55.60 गीगावाट क्षमता प्राप्त करने की दिशा में काम जारी है। उन्होंने कहा, सरकार ने वर्ष 2022 तक देश में 100 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया था।

# देश में हर सड़क का ऑडिट करके दुर्घटनाएं रोकने के उपाय निकालेंगे: गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार सड़क सुरक्षा को लेकर सजग है और देश में सड़कों की गुणवत्ता में सुधार के बाद सड़क दुर्घटनाएं बढ़ने के संबंध में सड़क सुरक्षा ऑडिट कराके उपाय निकाले जाएंगे। गडकरी ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि सड़क गुणवत्ता में सुधार के बाद तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं और इस संबंध में सड़क सुरक्षा का ऑडिट किया जा रहा है।



उन्होंने भाजपा के सदस्य निशिकांत दुबे के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा, हम सड़क सुरक्षा को लेकर सजग हैं। देश में हर सड़क का ऑडिट करके और जनता के सहयोग से उपाय निकालेंगे। गडकरी ने राजमार्गों पर जानवरों के आने से होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर भी राज्य सरकारों को सलाह देने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश के अनेक राज्यों में अच्छे राजमार्ग बने हैं जिन पर रात को किसान अपने जानवरों को छोड़ देते हैं। उन्होंने कहा कि जानवर रास्ते के बीच में आ जाते हैं जिसके कारण दुर्घटनाएं होती हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजमार्गों पर इस तरह से जानवरों को आने से रोकने के लिए राज्य सरकारों को कोई कानून बनाकर इस दिशा में कदम उठाने को कहा जाएगा। झारखंड के गोड्डा संसदीय क्षेत्र में कुछ फ्लाईओवर के निर्माण में देरी के संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्न के उत्तर में गडकरी ने कहा कि उन्हें पता चला है कि निर्माण के लिए निविदा निकालने में काफी देरी हुई है जिससे निर्माण कार्य भी विलंबित हुआ है। उन्होंने कहा कि यह पता लगाने के लिए जांच कराई जाएगी कि इस देरी के लिए राज्य का लोक निर्माण विभाग जिम्मेदार है या उनके मंत्रालय की ओर से यह देरी हुई है।



# गृहमंत्री के आवास के निकट भाजपा ने उडुपी वीडियो मामले में प्रदर्शन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर के आवास के निकट बृहस्पतिवार को प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि राज्य की कांग्रेस सरकार 'आतंकवादियों' को समर्थन दे रही है और उडुपी शौचालय वीडियो मामले में आरोपी लड़कियों का साथ दे रही है। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उडुपी सहित राज्य के कई हिस्सों में प्रदर्शन किया और कांग्रेस पर 'तुष्टीकरण की राजनीति' करने का अरोप लगाया। बेंगलूरु में भाजपा कार्यकर्ताओं ने परमेश्वर के आवास के निकट नारेबाजी की और आरोप लगाया कि वे तीन वर्ष पहले के डीजे हल्ली तथा केजी हल्ली दंगा मामले में दंगाइयों के खिलाफ दर्ज पुलिस मामले वापस लेने का 'आधार तैयार' कर रहे हैं। इस घटनाओं में तत्कालीन कांग्रेस विधायक अखंड श्रीनिवास मूर्ति के घर पर और केजी हल्ली के पुलिस थानों में आग लगा दी गई थी। अगस्त 2020 में मूर्ति के एक रिश्तेदार के कथित अपमानजनक सोशल मीडिया पोस्ट के कारण डीजे हल्ली और केजी हल्ली में दंगे भड़क गए थे, जिनमें तीन लोग मारे गए थे और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे। परमेश्वर ने अधिकारियों को कांग्रेस के एक विधायक के अनुरोध पर गौर करने को कहा। कांग्रेस विधायक ने बेंगलूरु के डीजे हल्ली और केजी हल्ली, शिवमोग्गा और हुब्बली सहित अन्य स्थानों में प्रदर्शन तथा दंगों के संबंध में गिरफ्तार किए गए 'बेकसूर' युवाओं तथा छात्रों के खिलाफ 'झूठे मामले' वापस लेने का अनुरोध किया था।

विपक्षी भाजपा ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और राज्य की कांग्रेस सरकार पर 'एक समुदाय के सांप्रदायिक अपराधियों को क्लीन चिट देने' का आरोप लगाया है। यहां 'फ्रीडम पार्क' में भाजपा के महिला प्रकोष्ठ ने धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर शौचालय वीडियो मामले में आरोपी लड़कियों को बचाने का आरोप लगाते हुए नारे लगाए। कर्नाटक के उडुपी शहर में कॉलेज के शौचालय में कथित तौर पर साथी छात्रा का वीडियो बनाने की घटना के कई दिन बाद तीन छात्राओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने तीन छात्राओं – शबनाज, अल्फिया और अलीमा – और पैरामेडिकल कॉलेज के प्रबंधन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। तीनों छात्राओं को कॉलेज से निलंबित कर दिया गया है।

भाजपा के कार्यकर्ता पुलिस के अवरोधकों के कारण मंत्री के आवास के निकट नहीं पहुंच पाए। उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उडुपी में छात्रों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने भी कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने मामले की स्वतंत्र जांच की मांग की। इस बीच, परमेश्वर ने कहा कि उन्होंने उडुपी की घटना को कभी भी बचकाना हरकत नहीं कहा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, 'आप सब ने कॉलेज में पढ़ाई की है। कभी-कभी छात्रों के बीच कुछ चीजें हो जाती थीं तो हम उन्हें आपस में ही निपटा लेते थे।

# कांग्रेस कर्नाटक को बर्बाद कर देगी : भाजपा

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कर्नाटक में निर्वाचन क्षेत्रों के विकास की खातिर विधायकों को देने के लिए 'धन नहीं होने' की घोषणा के बाद बृहस्पतिवार को प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष किया और कहा कि पार्टी प्रदेश को बर्बाद कर देगी। मालवीय ने ट्वीट कर कहा, 'कांग्रेस कर्नाटक को बर्बाद कर देगी । पांच गारंटियों को लागू करने का कोई संकेत नहीं है और अब विकास के भी (संकेत नहीं है)।'

उन्होंने यह भी दावा किया कि कोष की कमी के कारण विधायकों की उनके निवाचन क्षेत्र में कोई अहमियत नहीं रह जाएगी। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को कहा था कि पांच चुनावी गारंटी के कार्यान्वयन के कारण उत्पन्न आर्थिक बाधाओं की वजह से प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस साल विकास के लिए निधि उपलब्ध नहीं करा सकती। शिवकुमार ने कहा कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा कि बड़ी उम्मीदें रखने वाले पार्टी विधायक स्थिति को समझेंगे और धैर्य रखेंगे। शिवकुमार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं। कुछ कांग्रेस विधायक नाराज हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्दरामैया एवं पार्टी नेतृत्व से शिकायत की है कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्रों में काम नहीं करा पाए हैं और अनुरोध के अनुसार स्थानांतरण (सरकारी कर्मचारियों का) तक नहीं करा पा रहे हैं। उन्होंने मंत्रियों को लेकर भी नाखुशी जाहिर की है और आरोप लगाया है कि वे सहयोग नहीं कर रहे हैं।

# 'महिला आयोग का दल मणिपुर नहीं गया, क्या उडुपी की घटना इतनी बड़ी है?'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने एक पैरामेडिकल कॉलेज में कथित रूप से 'वॉशरूम की फिल्म बनाने' की घटना की जांच के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य खुशबू सुंदर के उडूपी दौरे की जरूरत पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग का दल जब मणिपुर नहीं गया, जहां दो महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया और उन्हें निर्वस्त्र घुमाया गया तो 'क्या उडूपी की घटना इतनी बड़ी है?' परमेश्वर ने महिला आयोग के दल के दौरे के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, 'आने दीजिए। मुझे इस बारे में कुछ नहीं कहना कि किसे आना है और किसे देखना है। मणिपुर की घटना हुई ... मुझे नहीं पता कि क्या कहूं। वहां आयोग नहीं गया। क्या उडूपी की घटना इतनी बड़ी है?'

उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा कि मत आओ। आप क्यों आ रहे हो, मेरा यह सवाल भी नहीं है। इस बारे में कहना मेरा काम नहीं। वे आएं। लेकिन आपको बताना चाहिए कि क्या मिला? क्या इस घटना का कोई वीडियो या कुछ और चीज थी?' राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य खुशबू सुंदर बुधवार शाम को उडुपी पहुंचीं। वे शहर के एक पैरामेडिकल कॉलेज के वाशरूम में एक छात्रा द्वारा मोबाइल फोन से कथित रूप से साथी छात्राओं की फिल्म बनाए जाने की घटना के मामले में जांच के लिए पहुंची हैं।


**पश्चिम मध्य रेल्वे**
**वाणिज्य विभाग**

क्र.जबल/सी/170/ई-ऑक्शन/विविध/23 दिनांक:25.07.2023

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर द्वारा IREPS पर पंजीकृत संस्थाओ से ई-ऑक्शन के माध्यम से विज्ञापन एवं एसएलआर लीजिंग ठेके हेतु बोलियाँ आमंत्रित की जा रही है । ऑक्शन कैटेलाग को IREPS की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया जा चुका है जबलपुर मंडल के आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है । **Category:** पार्सल लीजिंग, **Catalogue No.:** JBP-C-Parcel-26, **Asset Details:** जबलपुर मंडल की गाडी संख्या 12194, 11265, 12160, 05705, 11651, 18248, 11754, 22938, 11703, 11756, 22190, 22192, 12186, 20827, 22174, 12121, 05703, 22188, 22162, 12062, 20906, 11464, 11705, 22189, 11706 के एसएलआर लीजिंग हेतु। जबलपुर मंडल की गाडी संख्या 12187-12188 & 11447-11448 के पार्सल यान लीजिंग हेतु । **Auction Start :** 09.08.2023, 10:00 hrs., **Auction End:** 09.08.2023, 15:10 hrs. 1. बोलीदाताओ को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखे । 2. उक्त ई-ऑक्शन आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजंग मोड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है । 3. ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्ते आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है । 4. बोलीदाता IREPS में उल्लेखित दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है । 5. सभी संभावित बोली दाताओ से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रुप से रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करते रहे ।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर

कोरोना को हराना है, तो टीका लगवाना है


## इसरो ने प्रणोदन प्रणाली पर सफलतापूर्वक परीक्षण किए

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारत के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के प्रक्षेपण में इस्तेमाल होने वाली प्रणोदन प्रणाली के कामकाज को और सुधारने की योजना के तहत दो और परीक्षण (हॉट टेस्ट) सफलतापूर्वक किए हैं। गगनयान सेवा मॉड्यूल प्रणोदन प्रणाली (एसएमपीएस) पर ये परीक्षण बुधवार को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में स्थित इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लैक्स में किए गए।

इसरो के अनुसार, गगनयान परियोजना में तीन सदस्यों के एक दल को तीन दिन के मिशन के लिए 400 किलोमीटर दूर कक्षा में प्रक्षेपित करके और भारतीय समुद्र क्षेत्र में उतारकर उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाकर मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करने की परिकल्पना की गई है। इसरो ने कहा, 'ये परीक्षण, प्रणोदन प्रणाली के कामकाज को और अधिक मान्यता प्रदान करेंगे और सुधारेंगे तथा इसके साथ आगामी गगनयान मिशन के लिए इसकी तैयारी सुनिश्चित करेंगे।' उसने एक बयान में कहा, 'ये परीक्षण (26 जुलाई को संपन्न) सेवा मॉड्यूल-प्रणाली प्रदर्शन मॉडल के दूसरे चरण के परीक्षण की शृंखला में दूसरे और तीसरे 'हॉट-टेस्ट' हैं।'


इसरो isro

**भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग**
**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन**
**(निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग)**
**इसरो टेलिमेट्रि ट्रैकिंग एवं कमांड नेटवर्क (इस्ट्रैक)**
प्लांट नं. 12 एवं 13, तीसरा मेन, द्वितीय फेज, पीण्या औद्योगिक क्षेत्र, बेंगलूरु-560058
फोन : 080-28094184, 4196, 4541, 4542 फैक्स : 080-28094180

**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, समूह प्रमुख, इस्ट्रैक, इसरो पीण्या, बेंगलूरु-58 (फोन : 28094541) द्वारा समुचित वर्ग के ठेकेदरों से एनआईटी में निम्नलिखित कार्यो के लिए नग दर ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| कार्य का नाम : | एमओएक्स परिसर, इस्ट्रैक, पीन्या, बेंगलूरु में रेसेस्सेड लाइट फिटिंग, सरफेस लाइट फिटिंग, पोस्ट टॉप लाइट फिटिंग, एमसीसीबी और अन्य विद्युत कार्य प्रदान करना। | आईडीएसएन परिसर, बायलालू गांव, बेंगलूरु में स्थापित श्नाइडर इलेक्ट्रिक मेक के एसीबी और एमसीसीबी की सर्विसिंग। |
| एनआईटी सं : | इस्ट्रैक/सीएमजी/ई/एमएआईएनटी/ई-टीएन-26/2023-24 दिनांक : 27.07.2023 | इस्ट्रैक/सीएमजी/ई/एमएआईएनटी/ई-टीएन-27/2023-24 दिनांक : 27.07.2023 |
| निविदा का अनुमानित मूल्य | ₹ 20.66 लाख | ₹ 22.83 लाख |
| निविदा दस्तावेज विवरण | ई-निविदा | ई-निविदा |
| कार्य समापन अवधि | दो (02) माह | चार (04) माह |
| निविदा प्रलेख डाउनलोड करने की अवधि | 28.07.2023 को 16.00 बजे से 08.08.2023 को 16.00 बजे तक | 28.07.2023 को 16.00 बजे से 12.08.2023 को 16.00 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण | 29.07.2023 को 11.00 बजे से 09.08.2023 को 16.00 बजे तक | 29.07.2023 को 11.00 बजे से 13.08.2023 को 16.00 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण के जवाब देने की अंतिम तारीख | 09.08.2023 को 16.00 बजे तक | 14.08.2023 को 16.00 बजे तक |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख और समय | 10.08.2023 को 16.00 बजे तक | 15.08.2023 को 16.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की नियत तारीख और समय | 11.08.2023 को 11.00 बजे से | 16.08.2023 को 11.00 बजे से |
| ईएमडी | ₹ 41,320.00 | ₹ 45,660.00 |

इच्छुक निविदाकार कृपया www.isro.gov.in देखें। साथ ही पात्रता मानदंड और अन्य ब्यौरे के लिए विस्तृत सूचना आमंत्रण निविदा (निट) देखें जिसे वेबसाइट www.tenderwizard.com/ISRO से डाउनलोड किया जा सकता है।

ह/- समूह प्रमुख-सीएमजी


## एमआरपीएल भारत में सबसे बड़ी एकल स्थान रिफाइनरी बनी

मंगलूरु/दक्षिण भारत। मंगलूरु रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल), जो तटीय कर्नाटक में स्थित एक मिनी-रत्न सीपीएसई पीएसयू रिफाइनरी और ओएनजीसी की सहायक कंपनी है, वर्ष 2022-23 के लिए देश की सबसे बड़ी पीएसयू-रिफाइनरी (एकल स्थान) बन गई है। कंपनी की ओर से जारी विज्ञप्ति में यह कहा गया है। एमआरपीएल ने पिछले वित्त वर्ष के दौरान 17.14 मिलियन मीट्रिक टन कच्चे तेल का प्रसंस्करण करके यह उपलब्धि हासिल की।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह भारत के पेट्रोलियम रिफाइनिंग इतिहास में किसी एकल-स्थान पीएसयू रिफाइनरी द्वारा संसाधित अब तक का सबसे अधिक थ्रूपुट है।

## शौचालय वीडियो विवादः एनसीडब्ल्यू सदस्य ने मामले को सांप्रदायिक रंग न देने की अपील की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु/भाषा। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की सदस्य खुशबू सुंदर ने उडुपी के एक पैरामेडिकल कॉलेज के शौचालय में कथित रूप से एक लड़की का वीडियो बनाने के मामले में किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने या घटना को सांप्रदायिक रंग न देने का अनुरोध किया। वे बृहस्पतिवार सुबह कॉलेज पहुंचीं। उनके साथ उडुपी के जिला पुलिस अधीक्षक अक्षय हाके मच्छिंद्र तथा आयोग के अन्य सदस्य भी थे। सुंदर इस मामले की जांच के संबंध में कॉलेज प्रबंधन, पीड़िता तथा घटना में शामिल छात्राओं से बातचीत कर रही थीं। कॉलेज निदेशक रश्मि, अकादमिक समन्वयक बालकृष्ण, प्राचार्य राजीप मंडल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की वकील मैरी श्रेष्ठ और अन्य भी बातचीत में शामिल रहे। बुधवार को उडुपी पहुंचीं सुंदर ने संवाददाताओं से कहा था कि पुलिस के तमाम प्रयासों के बाद भी कोई ठोस सबूत नहीं मिला है। इससे पहले उन्होंने उपायुक्त विद्याकुमारी और पुलिस अधीक्षक हाके अक्षय मच्छिन्द्र के साथ बैठक की। सुंदर ने कहा कि जांच जारी है और इस मामले की व्यापक पड़ताल किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एनसीडब्ल्यू और पुलिस को अभी तक कोई सबूत नहीं मिला है। जब तक ठोस सबूत नहीं मिल जाते, तब तक आरोपपत्र दाखिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कथित तौर पर वीडियो बनाने वाली तीन लड़कियों के मोबाइल फोन डेटा पुनर्प्राप्ति के लिए भेज दिए हैं। उन्होंने बताया कि आरोप-पत्र दाखिल करने से पहले डेटा को विस्तृत रिपोर्ट के लिए एफएसएल प्रयोगशाला भेजा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनसीडब्ल्यू और पुलिस अपना काम कर रही हैं और न्यायाधीश की भूमिका निभाए बगैर हम जांच पूरी करेंगे। उन्होंने कहा कि आयोग महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और वह किसी भी सांप्रदायिक पहलू को ध्यान में रखकर काम नहीं करता। एनसीडब्ल्यू सदस्य ने कहा कि आयोग का ध्यान महिलाओं की सुरक्षा पर है, चाहे वे किसी भी समुदाय की हों तथा उन्होंने लोगों से इस घटना को साम्प्रदायिक रंग न देने का अनुरोध किया। सुंदर ने कहा कि वे कॉलेज प्रशासन, छात्रों तथा पीड़ितों के साथ पहले इस मामले को पूरी तरह समझना चाहती हैं।



# अपोलो अस्पताल ने स्थापित किया एक और कीर्तिमान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। बन्नेरघट्टा रोड स्थित अपोलो अस्पताल ने एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। यह 150 से अधिक सफल रोबोटिक कोलोरेक्टल सर्जरी पूरी करने वाले भारत के कुछ चुनिंदा अस्पतालों में से एक बन गया है।

इतना ही नहीं, अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार और बेंगलूरु में अपोलो इंस्टीट्यूट ऑफ कोलोरेक्टल सर्जरी के प्रमुख डॉ. नरसिम्हैया श्रीनिवासैया भारत में पहले यूरोपीय बोर्ड से मान्यता प्राप्त रोबोटिक कोलोरेक्टल सर्जन हैं। डॉ. नरसिम्हैया ने रोबोटिक कोलोरेक्टल सर्जरी की महत्वपूर्ण उपलब्धियों और जटिलताओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि अस्पताल ने सालाना औसतन 50 ऑपरेशन के साथ कोलोरेक्टल रोबोटिक सर्जरी की विस्तृत शृंखला का प्रदर्शन किया है।

# अमित शाह आज 'एन मन, एन मक्कल' पदयात्रा की शुरुआत करेंगे



मदुरै/भाषा। भाजपा की तमिलनाडु इकाई 28 जुलाई को छह महीने लंबी पदयात्रा 'एन मन, एन मक्कल' (मेरी भूमि, मेरे लोग) शुरू करने के लिए तैयार है, जिसमें नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार देश की कमान सौंपने के लिए वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले निर्णायक जनादेश मांगा जाएगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि राज्य के 234 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करने वाले इस चुनाव अभियान की शुरुआत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार शाम को मंदिर शहर रामेश्वरम से करेंगे। अन्नामलाई ने यहां संवाददाताओं से कहा, सभी 39 संसदीय क्षेत्रों को कवर करने के लिए अभियान पांच चरणों में चलाया जाएगा और हमने इसे लोकसभा चुनाव से पहले 11 जनवरी, 2024 को समाप्त करने की योजना बनाई है। अमित शाह द्वारा उद्घाटन के बाद अभियान 29 जुलाई को रामेश्वरम से शुरू होगा।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रमुख अन्नामलाई पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे और इस दौरान वे 1,770 किलोमीटर से अधिक की पैदल यात्रा तथा ग्रामीण इलाकों में शेष दूरी वाहन से तय करेंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान निर्धारित की गईं 10 प्रमुख रैलियों में से प्रत्येक को कम से कम एक केंद्रीय मंत्री द्वारा संबोधित किया जाएगा। अन्नामलाई ने कहा, हम प्रधानमंत्री की उपलब्धियों को पेश करेंगे और लगातार तीसरी बार मोदी की वापसी सुनिश्चित करने के लिए लोगों का समर्थन मांगेंगे। भाजपा के प्रदेश प्रमुख ने कहा, 'व्हाट डिड मोदी डू' नामक पुस्तिका की लगभग एक लाख प्रतियां लोगों को वितरित की जाएंगी। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष कारू नागराजन के अनुसार, भाजपा लोगों से जुड़ने और उन्हें द्रमुक के प्रभाव से दूर करने तथा उन्हें भाजपा के करीब लाने की उम्मीद करती है।


इसरो isro

**भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग**
**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, (निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग)**
**इसरो टेलिमेट्रि ट्रैकिंग एवं कमांड नेटवर्क (इस्ट्रैक)**
प्लांट नं. 12 एवं 13, तीसरा मेन, द्वितीय फेज, पीण्या औद्योगिक क्षेत्र, बेंगलूरु-560058
फोन : 080-28094184, 4196, 4541, 4542 फैक्स : 080-28094180

**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, समुचित वर्ग के ठेकेदरों से एनआईटी में निम्नलिखित कार्यो के लिए नग दर ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| एनआईटी सं : | इस्ट्रैक/सीएमजी/एमएआईएनटी/सी/ई-टीएन-30/2023-24 दिनांक : 27.07.2023 | इस्ट्रैक/सीएमजी/एमएआईएनटी/सी/ई-टीएन-31/2023-24 दिनांक : 27.07.2023 |
| कार्य का नाम | डॉस हाउसिंग कॉलोनी अंतरिक्ष अपार्टमेंट, मल्लेश्वरम, बेंगलूरु के लिए सिविल और पीएच सिस्टम के संचालन और रखरखाव के लिए वार्षिक सेवा अनुबंध। | एससीसी परिसर, आईस्ट्रैक और जलाहल्ली, आरपीसी लेआउट, अंतरिक्ष अपार्टमेंट, मल्लेश्वरम, बेंगलूरु में डीओएस हाउसिंग कॉलोनियों के पार्किंग क्षेत्र में सुरक्षा सेवाएं प्रदान करने के लिए वार्षिक सेवा अनुबंध। |
| निविदा का अनुमानित मूल्य | ₹ 7.07 लाख | ₹ 69.54 लाख |
| निविदा दस्तावेज विवरण | ई-निविदा | ई-निविदा |
| कार्य समापन अवधि | बारह (12) माह/विभाग के पास कार्य अनुबंध को आगे 24 माह तक बढ़ाने का अधिकार है। | बारह (12) माह/विभाग के पास कार्य अनुबंध को आगे 24 माह तक बढ़ाने का अधिकार है। |
| निविदा प्रलेख डाउनलोड करने की अवधि | 28.07.2023 से 07.08.2023 | 28.07.2023 से 18.08.2023 |
| बोली स्पष्टीकरण | 28.07.2023 से 08.08.2023 | 28.07.2023 से 19.08.2023 |
| बोली स्पष्टीकरण के जवाब देने की अंतिम तारीख | 09.08.2023 को 16.30 बजे तक | 21.08.2023 को 16.30 बजे तक |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख और समय | 10.08.2023 को 14.30 बजे तक | 22.08.2023 को 14.30 बजे तक |
| निविदा खोलने की नियत तारीख और समय | 11.08.2023 को 11.30 बजे से | 23.08.2023 को 11.30 बजे से |
| ईएमडी | ₹ 14,140/- | ₹ 1.39 लाख |

इच्छुक निविदाकार कृपया विस्तृत सूचना आमंत्रण निविदा (निट)पात्रता मानदंड और अन्य ब्यौरे के लिए वेबसाइट www.isro.gov.in देखें

ह/- समूह प्रमुख-सीएमजी



# कांग्रेस की 'लूट की दुकान' का सबसे नया उत्पाद है 'लाल डायरी': मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा की कथित 'लाल डायरी' के हवाले से राज्य सरकार पर निशाना साधा और इसे कांग्रेस की 'लूट की दुकान' का सबसे नया उत्पाद करार दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने सीकर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा ' कांग्रेस ने राजस्थान में सरकार चलाने के नाम पर सिर्फ लूट की दुकान चलाई है और झूठ का बाजार सजाया है। कांग्रेस का मतलब ही है लूट की दुकान, झूठ का बाजार। लूट की इस दुकान का सबसे ताजा प्रॉडक्ट है, राजस्थान की 'लाल डायरी'।' उन्होंने विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कभी 'इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा' का नारा दिया गया था और अब 'यूपीए इज इंडिया, इंडिया इज यूपीए' की बात की जा रही है। गुढ़ा ने हाल ही में राज्य विधानसभा में कथित लाल डायरी लहराई थी। बाद में उन्होंने दावा किया कि डायरी में 'दो नंबर का लेनदेन' दर्ज है और इसमें मुख्यमंत्री का नाम भी है।

मोदी ने कहा, 'कहते हैं इस 'लाल डायरी' में कांग्रेस सरकार के काले कारनामे दर्ज हैं। लोग कह रहे हैं कि 'लाल डायरी' के पन्ने खुले तो अच्छे-अच्छे निपट जाएंगे।' उन्होंने कहा,'कांग्रेस के बड़े से बड़े नेताओं की इस 'लाल डायरी' का नाम सुनते ही बोलती बंद हो रही है। ये लोग भले ही मुंह पर ताला लगा लें, लेकिन ये लाल डायरी इस चुनाव में पूरी कांग्रेस का डिब्बा गोल करने जा रही है।' राजस्थान में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

मोदी ने राज्य में विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने को लेकर भी गहलोत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पेपर लीक का उद्योग चल रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए कांग्रेस सरकार को हटाना होगा। मोदी ने कहा,'इस बार एक ही नारा है- 'नहीं सहेगा राजस्थान'. बहन-बेटियों पर अत्याचार नहीं सहेगा राजस्थान।' सभा में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा,'ये जन सैलाब बता रहा है कि आने वाले चुनाव में ऊंट किस करवट बैठेगा। अब राजस्थान की करवट भी बदलेगी और मेरी गारंटी है...राजस्थान की किस्मत भी बदलेगी। उन्होंने कहा,इसलिए आज राजस्थान में एक ही गूंज है, एक ही स्वर है, एक ही नारा है... जीतेगा कमल, खिलेगा कमल।' मोदी ने विपक्षी दलों के नए गठबंधन 'इंडिया' पर भी कटाक्ष किया इसे मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस और उसके सहयोगियों का नया पैंतरा करार दिया।

उन्होंने कहा,कांग्रेस आज देश की सबसे बड़ी दिशाविहीन पार्टी बनकर रह गई है। इन दिनों कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने एक नया पैंतरा चला है, ये पैंतरा है- नाम बदलने का। ...यूपीए (संप्रग) के कुकर्म लोगों को याद न आए इसलिए अपना नाम यू.पी.ए. से बदलकर आई. एन. डी. आई. ए. कर दिया है। और इतना लंबा कर दिया कि लोग भूल जाएं। मोदी ने कहा,यूपीए का नाम बदला है ताकि ये आतंकवाद के सामने घुटने टेकने का अपना पाप छिपा सकें। इन्होंने नाम बदला है ताकि ये कर्जमाफी के नाम पर किसानों से अपने विश्वासघात को छुपा सकें। यूपीए नाम बदला है ताकि ये गरीबों के साथ किए गए छल-कपट को छिपा सकें।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा,इनका तरीका वही है जो हमेशा देश के दुश्मनों ने अपनाया है। पहले भी 'इंडिया' के नाम के पीछे अपने पाप को छुपाने का प्रयास किया गया है। इंडिया नाम तो ईस्ट इंडिया कंपनी में भी था। लेकिन वहां इंडिया नाम अपनी भारत भक्ति दिखाने के लिए नहीं बल्कि भारत को लूटने के इरादे से लगाया गया था। कांग्रेस के शासनकाल में सिमी यानी स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट आफ इंडिया बना था। नाम में इंडिया था लेकिन मिशन, इंडिया को आतंकी हमलों से बर्बाद करने का था। मोदी ने कहा, आई एन डी आई ए के नाम के लेबल से ये अपने पुराने काम को छुपाना चाहते हैं। यूपीए के कारनामों को छुपाना चाहते हैं। उन्होंने कहा,' लोग आज जब आई एन डी आई ए की बात करते हैं तो दिखावा लगता है छलावा लगता है झूठ लगता है। इन लोगों में अहंकार कूट कूट कर भरा है।'

प्रधानमंत्री ने कहा 'एक बार इन्होंने नारा दिया था 'इंदिरा इज इंडिया' व 'इंडिया इज इंदिरा' तब देश की जनता ने उनका हिसाब चुकता कर दिया था चुन चुनकर साफ कर दिया था। अहंकार से भरे लोगों ने फिर वही पाप दोहराया है ये लोग सुधरने को तैयार नहीं हैं। ये लोग कह रहे हैं कि यूपीए इज इंडिया, इंडिया इज यूपीए। इनका जनता फिर से एक बार वही हाल करेगी जो पहले किया था।' इससे पहले एक अन्य कार्यक्रम में, मोदी ने 1.25 लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्रों को राष्ट्र को समर्पित किया और उन्हें किसानों के लिए वन-स्टॉप सेंटर बताया जो उनकी समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा। साथ ही उन्होंने देश के करोड़ों किसानों को पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत करीब 18 हजार करोड़ रुपये भेजे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश के किसान का दुख-दर्द समझती है और वह उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है तथा उसने पिछले नौ साल में लगातार किसानों के हित में फैसले किए हैं। इसके साथ ही मोदी ने किसानों को आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार किसानों को यूरिया की कीमतों को लेकर कोई परेशानी नहीं होने देगी।

उन्होंने कहा कि भारत तभी विकसित हो सकता है जब उसके गांव विकसित होंगे और उनकी सरकार गांवों में हर वह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है जो शहरों में उपलब्ध है। मोदी ने कहा, हमारी सरकार किसानों को यूरिया की कीमत से परेशान नहीं होने देगी। उन्होंने विस्तार से बताया कि भारत में किसानों को यूरिया की एक बोरी 266 रुपये में मिलती है।

# पीएमओ ने मेरा पूर्व निर्धारित संबोधन कार्यक्रम हटाया : मुख्यमंत्री गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। सीकर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्धारित संबोधन कार्यक्रम को हटाए जाने को लेकर बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) आमने सामने आ गए। गहलोत ने कहा कि पीएमओ ने प्रधानमंत्री मोदी के सीकर वाले कार्यक्रम में उनका पूर्व निर्धारित संबोधन कार्यक्रम हटा दिया है। वहीं, पीएमओ के अनुसार गहलोत को इस कार्यक्रम के लिए विधिवत आमंत्रित किया गया था लेकिन मुख्यमंत्री कार्यालय ने सूचित किया कि वे इसमें शामिल नहीं हो पाएंगे। इसके बाद गहलोत ने 'मिनट टू मिनट' कार्यक्रम एवं उनके कार्यालय से भेजे पत्र की प्रति साझा करते हुए कहा, कल रात को मुझे पुन: अवगत करवाया गया कि मेरा संबोधन नहीं होगा।

मोदी ने हालांकि सार्वजनिक कार्यक्रम के आखिर में गहलोत के खराब स्वास्थ्य का जिक्र करते हुए कहा कि उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं। गहलोत वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े। मोदी ने



बृहस्पतिवार को सीकर के कस्बे में एक कार्यक्रम में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने 1.25 लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) राष्ट्र को समर्पित किया।

गहलोत ने बृहस्पतिवार सुबह ट्वीट किया, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, आज आप राजस्थान पधार रहे हैं। आपके कार्यालय पीएमओ ने मेरा पूर्व निर्धारित तीन मिनट का संबोधन कार्यक्रम हटा दिया है, इसलिए मैं भाषण के माध्यम से आपका स्वागत नहीं कर सकूंगा अत: मैं इस ट्वीट के माध्यम से आपका राजस्थान में तहेदिल से स्वागत करता हूं।

# मोदी ने की गहलोत के उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना

सीकर/दक्षिण भारत । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की है। मोदी ने गुरुवार को अपने राजस्थान दौरे के दौरान सीकर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गहलोत कुछ दिनों से बीमार चल रहे हैं, उनके पैरों में कुछ तकलीफ है। आज इस कार्यक्रम में आने वाले थे लेकिन उस कठिनाई के कारण नहीं आ पाए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं और सारे राजस्थान को इन अनेक विद नई सौगात के लिए देश के किसानों को इस महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को विकसित करने से उनको समर्पित करने के लिए मैं आज हृदय से बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। इससे पूर्व मोदी ने विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इससे पहले गहलोत ने ट्वीट कर मोदी का स्वागत किया और कहा पीएमओ ने मेरा पूर्व निर्धारित तीन मिनट का संबोधन कार्यक्रम से हटा दिया है इसलिए मैं आपका भाषण के माध्यम से स्वागत नहीं कर सकूंगा अत: मैं इस ट्वीट के माध्यम से आपका राजस्थान में तहेदिल से स्वागत करता हूं।



# 'लाल डायरी' काल्पनिक सोच, 'लाल टमाटर' पर बात करें प्रधानमंत्री : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को कहा कि 'लाल डायरी' की बातें एक काल्पनिक अवधारणा के अलावा कुछ नहीं है। प्रधानमंत्री को 'लाल डायरी' के बजाय 'लाल टमाटर' के बारे में बात करनी चाहिए।

गहलोत ने कहा कि मैं 'लाल डायरी' के बारे में कुछ नहीं जानता, लेकिन मैं 'लाल सिलेंडर' के बारे में जानता हूं।

इसने कहर बरपाया है, इसकी कीमत 1,150 रुपये है जोकि वास्तविक लूट है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर का लाभ लेने वाले योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि लोग भाजपा को लाल झंडे दिखाएंगे। मुख्यमंत्री ने 36 लाख लाभार्थियों के खाते में 155 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि लाल डायरी एक काल्पनिक अवधारणा के अलावा और कुछ नहीं है। प्रधानमंत्री को इसके बारे में बात करने के बजाय, लाल टमाटरों और लोगों के लाल चेहरों (महंगाई से नाराज) के बारे में बात करनी चाहिए।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीकर में कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि कांग्रेस सरकार का मतलब 'लूट की दुकान' और 'झूठ का बाजार' है। लूट की दुकान का नया उत्पाद 'लाल डायरी' है। यह आगामी चुनावों में कांग्रेस को खत्म कर देगा।

# भाजपा ने राजेन्द्र गुढ़ा को मोहरा बनाकर ये 'हाई वोल्टेज ड्रामा' रचा: धर्मेंद्र राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष और कांग्रेस नेता धर्मेंद्र राठौड़ ने बर्खास्त मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा द्वारा उठाए गए कथित 'लाल डायरी' प्रकरण पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजस्थान सरकार पर झूठे आरोप लगाकर मणिपुर के मुद्दे की गंभीरता को कम करने का षडयंत्र कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी षडयंत्र के तहत विधायक गुढ़ा को मोहरा बनाकर यह 'हाई वोल्टेज ड्रामा' रचा गया है।

गुढ़ा द्वारा कथित 'लाल डायरी' का मुद्दा उठाए जाने के बाद राठौड़ ने इस बारे में बुधवार को एक बयान जारी किया। उन्होंने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री के राजस्थान दौरे से महज तीन दिन पहले राजेन्द्र गुढ़ा और भाजपा नेताओं के जो बयान विधानसभा के अंदर और बाहर आए है वह इस षडयंत्र का हिस्सा है, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हुए। राठौड़ ने कहा, यह सर्वविदित है कि भाजपा ने मध्यप्रदेश की तर्ज पर राजस्थान में भी सरकार गिराने का प्रयास किया। इसी षड़यंत्र के तहत केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा कांग्रेस नेताओं, तमाम प्रतिष्ठानों एवं मुख्यमंत्री के भाई तक के घर पर छापा डाला गया। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि उस घटनाक्रम के दौरान राजेन्द्र गुढ़ा मेरे घर आये थे, पर कभी भी मुझसे उन्होंने किसी लाल डायरी की चर्चा नहीं की।

कांग्रेस नेता ने कहा मैं संभवत: हमेशा गांधी डायरी का उपयोग करता हूं और अपनी दिनचर्या इसमें लिखता हूं। आयकर विभाग के लोग मेरे घर से तीन डायरियां लेकर गए थे जिनमें ऐसी गांधी डायरियां थीं। ये उनके रिकार्ड में दर्ज है। उन्होंने कहा, पिछले लगभग साल भर से राजेन्द्र गुढा पार्टीलाइन से हटकर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे। मैंने उन्हें समझाने का प्रयास किया कि ऐसा न करें परन्तु मैं तब समझ नहीं पाया कि अंदर ही अंदर क्या षड्यंत्र चल रहा है और वह किन-किन कांग्रेस और भाजपा नेताओं के सपर्क में है।



# महाराणा प्रताप पर हो चित्तौड़गढ़ मेडिकल कॉलेज का नाम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चित्तौड़गढ़। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ स्थित मेडिकल कॉलेज का आखिरकार आज लोकार्पण हो ही गया जो पिछले एक वर्ष से राजनीति के चलते टलता जा रहा था। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस के नेताओं ने एक सुर में केंद्र सरकार से मांग की कि चित्तौड़गढ़ मेडिकल कॉलेज का नाम वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के नाम पर किया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यहां पर 325 करोड़ की लागत से बने मेडिकल कॉलेज का वर्चुअल लोकार्पण सीकर से किया जहां पर स्वयं क्षेत्रिय सांसद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चंद्रप्रकाश जोशी मौजूद रहे तो यहां पर आयोजित कार्यक्रम में किया केंद्रीय चिकित्सा राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल एवं राजस्थान धरोहर प्रोन्नति प्राधिकरण अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह जाड़ावत मुख्य अतिथि रहे।

समारोह को सम्बोधित करते हुए प्राधिकारण अध्यक्ष जाड़ावत ने इस कॉलेज के लिए उनके प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारा वादा है कि यहां पर अध्ययनरत छात्र जिनका एक वर्ष आज हो गया है और जब वे दो वर्ष बाद चिकित्सक बन जाएंगे तब तक यहां पर स्नातकोत्र मेडिकल फैकल्टी भी प्रारम्भ कर दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2012 में जब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी तब विधायक रहे जाड़ावत के आग्रह पर मुख्यमंत्री गहलोत ने यहां पर मेडिकल कॉलेज की मांग को स्वीकृत किया और एक साल में इसके लिए भूमि एवं अन्स अहर्ताएं पूर्ण कर ली थी। 2013 में राज्य में भाजपा की सरकार आने के बाद भी बाकी के प्रशासनिक कार्य करने के लिए जाड़ावत स्थानीय भाजपा नेताओं से आग्रह करते रहे लेकिन ना तो स्थानीय सांसद चंद्रप्रकाश जोशी और विधायक चंद्रभानसिंह आक्या सहित जिले से मंत्री रहे श्रीचंद्र कृपलानी ने कोई रूचि दिखाई बल्कि मुख्यमंत्री राजे भी यहां पर निजि क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की मंशा जता चुकी थी।

# 12 छोटे व दो बड़े ब्लॉकों की होगी नीलामी : वीनू गुप्ता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्य के खान विभाग ने नागौर-डेह में लाईम स्टोन के 14 ब्लॉकों की ई-नीलामी प्रक्रिया 21 जुलाई से आरंभ कर दी है जो 25 अगस्त को बोली लगाने के साथ पूरी होगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम व उद्योग वीनू गुप्ता ने बताया कि राज्य में यह पहला मौका है जब सीमेंट ग्रेड लाईम स्टोन के एक साथ 14 ब्लॉकों की ई-नीलामी की जा रही है। गत वित्तीय वर्ष में प्रदेश में सर्वाधिक 8 मेजर मिनरल्स के माइनिंग लीज व कंपोजिट लाइसेंस के लिए ई नीलामी की गई है वहीं पिछले सालों में इन 8 मेजर मिनरल्स सहित गत वर्ष तक मेजर मिनरल्स के कुल 23 एमएल, सीएल के लिए नीलामी की गई है।

एसीएस माइंस गुप्ता ने बताया कि नागौर जिले के नागौर व डेह तहसील में 14.71 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में सीमेंट ग्रेड लाईम स्टोन के बेहतर गुणवत्ता के एक मोटे अनुमान के अनुसार 481.7 मिलियन टन के डिपोजिट मिले हैं।



उन्होंने बताया कि लाईम स्टोन ब्लॉकों की ई-नीलामी में बिग प्लेयर्स के साथ ही नए लोगों की भागीदारी भी तय करने के लिए 4.8 हैक्टेयर क्षेत्र के 18 ब्लॉकों के साथ ही करीब 500-500 हैक्टेयर क्षेत्रफल के तीन बड़े ब्लॉक बनाए गए है। उन्होंने बताया कि मेजर मिनरल्स के दूसरे चरण की नीलामी में लाईम स्टोन के 14 ब्लॉकों को शामिल किया गया है जिनमें दो बड़े ब्लॉकों के साथ ही 12 छोटे ब्लॉक शामिल है। उन्होंने बताया कि इससे क्षेत्र में वैध खनन, रोजगार और निवेश के नए द्वार खुलेंगे वहीं सीमेंट उद्योग को पर लगेंगे।

निदेशक माइंस संदेश नायक ने बताया कि विभाग द्वारा नागौर के 14 लाईम स्टोन ब्लॉकों की ई नीलामी के लिए 21 जुलाई को निविदा सूचना जारी कर भारत सरकार के ई-पोर्टल व विभागीय वेबसाइट पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध करा दी है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ्य व पारदर्शी व्यवस्था के तहत भारत सरकार के ई-पोर्टल के माध्यम से नीलामी की जा रही है। भारत सरकार के एमएसटीसी ई पोर्टल पर टेंडर डाक्यूमेंट सेल करने की अंतिम तिथि 7 अगस्त है। वहीं 25 अगस्त को दोपहर एक बजे तक इन ब्लॉकों की ई नीलामी में बोली लगाई जा सकेगी।

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष ने राज्य सरकार को इस्तीफा भेजा

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा अपना इस्तीफा राज्य सरकार को भेज दिया है। शर्मा ने बताया कि उन्होंने अपना इस्तीफा राज्य सरकार को 23 जुलाई को भेजा था और सरकार ने सिद्धांत: अपनी सहमति दे दी है। उन्होंने बताया, मेरा कार्यकाल आगामी सात अक्टूबर को पूरा होगा और फिलहाल बोर्ड द्वारा आठ भर्ती परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। ऐसे में अगर मैं अपना कार्यकाल पूरा भी कर लेता तो भी सिर्फ तीन भर्ती परीक्षाओं को पूरा कर पाऊंगा। पांच दूसरी भर्ती परीक्षाएं अपने निर्धारित वक्त से अटक सकती हैं।





# राम मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रधानमंत्री को भेजा गया निमंत्रण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अयोध्या (उप्र)/भाषा।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अगले साल जनवरी में अयोध्या में भव्य मंदिर के गर्भगृह में भगवान राम की मूर्ति के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को औपचारिक निमंत्रण भेजा है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण करा रहे इस ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने प्रधानमंत्री को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण भेजा है। पत्र में कहा गया है कि अगर प्रधानमंत्री इस समारोह में शामिल होते हैं तो दुनिया भर में देश की छवि और मजबूत होगी।

उन्होंने कहा कि निमंत्रण पत्र में इस समारोह के लिए 15 से 24 जनवरी के बीच की तारीख दी गई हैं लेकिन कार्यक्रम की तिथि प्रधानमंत्री की उपलब्धता पर निर्भर करेगी। राय ने बताया कि समारोह के लिए 10 हजार लोगों को निमंत्रण भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री ने अगस्त 2020 में राम मंदिर का 'भूमि पूजन' भी किया था। उच्चतम न्यायालय ने नौ नवंबर 2019 को राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले में बहुप्रतीक्षित फैसला सुनाते हुए अयोध्या में संबंधित स्थल पर राम मंदिर का निर्माण कराने के आदेश दिए थे। मंदिर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री समेत बड़ी संख्या में देश के अति-विशिष्ट अतिथियों के आने की संभावना के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियों ने राम जन्मभूमि परिसर में होने वाले समारोह के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां समारोह के दिन आम श्रद्धालुओं की आमद को नियंत्रित करना चाहती हैं क्योंकि भीड़ बढ़ने से सुरक्षाकर्मियों को परेशानी हो सकती है। इस बीच, ट्रस्ट ने इस साल दिसंबर तक मंदिर का निर्माण पूरा करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए श्रमिकों और तकनीशियनों की संख्या बढ़ा दी है। अब निर्माण कार्य चौबीसों घंटे अलग-अलग पालियों में किया जा रहा है।

# भाजपा सदस्य ने संविधान से इंडिया शब्द हटाने की राज्यसभा में मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आगामी लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का मुकाबला करने के लिए बने 26 विपक्षी दलों के गठबंधन का नाम इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस) रखने को लेकर जारी राजनीतिक रस्साकशी के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सदस्य ने राज्यसभा में बृहस्पतिवार को देश के संविधान से इंडिया शब्द हटाए जाने की मांग उठाई।

उच्च सदन में भाजपा के सदस्य नरेश बंसल ने विशेष उल्लेख के जरिये यह मांग की और इंडिया नाम को औपनिवेशिक प्रतीक और दासता की बेड़ी करार दिया। अपनी मांग के तर्क में बंसल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गत वर्ष 15 अगस्त को लालकिले की प्राचीर से किए गए राष्ट्र के नाम संबोधन का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने देश को दासता के प्रतीकचिह्नों से मुक्ति का आह्वान किया था। बंसल ने कहा कि विगत नौ वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने कई मौकों पर औपनिवेशिक विरासत और औपनिवेशिक प्रतीक चिह्नों को हटाने और उनकी जगह परंपरागत भारतीय प्रतीकों, मूल्यों और सोच को लागू करने की वकालत की है।

भाजपा सदस्य ने कहा कि अंग्रेजों ने भारत का नाम बदल कर इंडिया कर दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदानियों की मेहनत के कारण 1947 में देश आजाद हुआ और 1950 में संविधान में लिखा गया, इंडिया दैट इज भारत (इंडिया जो कि भारत है)। उन्होंने कहा कि देश का नाम सदियों से भारत ही रहा है और इसी नाम से उसे पुकारा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत का अंग्रजी नाम इंडिया शब्द अंग्रेजों की गुलामी का प्रतीक है।

बंसल ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में गुलामी के प्रतीक को हटाया जाए। उन्होंने मांग की कि संविधान के अनुच्छेद एक में संशोधन कर 'इंडिया दैट इज' हटाया जाए और इस पुण्य पावन धरा का नाम भारत रखा जाए। उन्होंने कहा कि भारत माता को (इंडिया) नाम रूपी इस दासता की बेड़ी से मुक्त किया जाए।



# भारतीय मुक्केबाज आशीष भंडोर ने एबीएफ कांटिनेंटल हेवीवेट खिताब जीता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बैंकॉक/भाषा।** भारतीय मुक्केबाज आशीष भंडोर ने यहां प्रबल दावेदार एकाफोब औरेवान को 5-1 से हराकर एशियाई मुक्केबाजी महासंघ (एबीएफ) महाद्वीपीय हेवीवेट खिताब अपने नाम किया। आशीष ने 10 दौर में यह प्रतिस्पर्धी मुकाबला जीता। जज के स्कोर 93:96, 95:96, और 95:94 से इस मुकाबले की आक्रामकता साफ झलकती है जिसमें आशीष ने विभाजित फैसले के बाद खिताब जीता।

पहले दौर में ही दोनों के बीच चुनौतीपूर्ण संघर्ष साफ दिखा जिसमें आशीष ने जानदार मुक्के से एकाफोब 'ऑफ गार्ड' हो गए। रैफरी ने अनिवार्य 'नॉकडाउन काउंट' दिया और तेजी से मैच समाप्त करने की उम्मीद कर रहे आशीष बचे हुए सेंकेंड में 'फ्रंट फुट' पर रहे। एकाफोब ने हालांकि गजब का जज्बा दिखाते हुए अगले दौर में मजबूत वापसी की और दमदार मुक्कों से आशीष पर दबदबा बनाया। उन्होंने दूसरा और तीसरा दौर जीता।

चौथे दौर के बाद आशीष ने नियंत्रण बनाया और अपने कौशल का नमूना पेश करते हुए कुल 10 में से छह दौर जीत लिए। इस शानदार जीत से पहले आशीष ने 2022 में राष्ट्रीय एमेच्योर प्रतियोगिता का कांस्य पदक जीता था। पेशेवर मुक्केबाजी में अभी तक उनका रिकॉर्ड चार जीत का है और उन्हें अभी तक हार का सामना नहीं करना पड़ा है।

# उत्तर प्रदेश में गठित होगा अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ (उप्र)/भाषा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में जलमार्गों के विकास की दिशा में ठोस प्रयास करने की जरूरत पर जोर देते हुए बृहस्पतिवार को राज्य में अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में जलमार्गों के विकास पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जलमार्ग परिवहन का तेजी से विस्तार हो रहा है। प्रयागराज से हल्दिया तक राष्ट्रीय जलमार्ग पहले से ही क्रियाशील है।

उन्होंने कहा कि परिवहन के एक साधन के रूप में अंतर्देशीय जल परिवहन में प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं और इसे विस्तार देने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जल परिवहन की प्राचीन परंपरा रही है, लेकिन बदलते समय के साथ इस क्षेत्र को उपेक्षित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जलमार्गों के सृजन, विकास और उन्हें यातायात एवं माल ढुलाई के लिए इस्तेमाल में लाने के लिए ठोस प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण गठित किया जाना चाहिए और इस संबंध में राष्ट्रीय जलमार्ग प्राधिकरण और अन्य राज्यों में चल रही व्यवस्थाओं का अध्ययन कर प्रस्ताव तैयार किया जाए। आदित्यनाथ ने कहा कि यह प्राधिकरण नोडल अथॉरिटी के रूप में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण से तालमेल बनाएगा। यह प्राधिकरण अंतर्देशीय जल परिवहन एवं पर्यटन संबंधित सभी गतिविधियों का नियमन करेगा। उन्होंने कहा कि यह प्राधिकरण जल परिवहन से संबंधित पर्यावरण एवं सुरक्षा कानूनों का अनुपालन, जलमार्गों के विकास और बेहतर इस्तेमाल के लिए हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण एवं जांच की जिम्मेदारी भी निभाएगा। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि परिवहन मंत्री इस अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के पदेन अध्यक्ष होंगे।

## योगी ने 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में सुनी समस्याएं

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को यहां स्थित अपने आवास पर 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को उनके समुचित निदान के निर्देश दिए। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने यहां बताया कि मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में 180 लोगों की समस्याओं और शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना और इनके समुचित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। योगी ने अधिकारियों से लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाने को कहा और आगाह किया कि समस्याओं का जल्द और गुणवत्तापूर्ण तरीके से समाधान नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने भूमि एवं संपत्ति विवाद के मामलों के जल्द निपटारे के निर्देश भी दिए।

# लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर जल्द चर्चा हो, पीएम राज्यसभा में भी बयान दें: कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने मणिपुर के मुद्दे पर संसद में जारी गतिरोध के बीच बृहस्पतिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों की यही मांग है कि लोकसभा में सरकार के खिलाफ पेश अविश्वास प्रस्ताव पर जल्द चर्चा कराई जाए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मणिपुर के संदर्भ में राज्यसभा में भी वक्तव्य दें। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि विपक्ष की मांग का मकसद यही है कि सामूहिक पीड़ा व्यक्त की जाए और राज्य में शांति, सद्भाव एवं समाधान के लिए सामूहिक संकल्प लिए जाएं।

रमेश ने ट्वीट किया, संसद में 'इंडिया' की पार्टियों का रुख बिलकुल स्पष्ट रहा है। हम चाहते हैं कि मणिपुर के मौजूदा हालात के संदर्भ में लोकसभा में 'इंडिया' की पार्टियों के जिस अविश्वास प्रस्ताव को लोकसभा अध्यक्ष ने स्वीकार किया है, उस पर जल्द से जल्द बहस हो। नियमों और परंपराओं के अनुसार, अविश्वास प्रस्ताव पर बहस होने तक कोई भी विधाई कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि मणिपुर मामले पर राज्यसभा में प्रधानमंत्री बयान दें और उसके तुरंत बाद नियम 267 के तहत चर्चा हो।

# मणिपुर मुद्दे का समाधान होगा, भाजपा त्रिपुरा के जनजातीय इलाके में अपनी पैठ बना रही : साहा



**अगरतला/भाषा।** इस वर्ष की शुरुआत में त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता में लाने में मुख्य भूमिका निभाने वाले मुख्यमंत्री माणिक साहा का मानना है कि पड़ोसी राज्य मणिपुर में समस्याओं का समय रहते समाधान हो जाएगा। 'पीटीआई-भाषा' के साथ विशेष साक्षात्कार में साहा ने यह भी दावा किया कि भाजपा राज्य के जनजातीय इलाके में अपनी पैठ बना रही है जो अब तक जनजातीय संगठन टिपरा मोथा का गढ़ था और उनका मानना है कि यह क्षेत्र अपनी ही समस्याओं से जूझ रहा है। मुख्यमंत्री साहा (70) ने कहा, मणिपुर में पहले भी इस तरह की चीजें (समस्याएं) हुई हैं। मेरा मानना है कि समय रहते (जातीय हिंसा) मामले को सुलझा लिया जाएगा।

उनके अपने राज्य में जहां जनजातीय संघर्ष और हिंसा का लंबा इतिहास रहा है, वहां इस सप्ताह की शुरुआत में कुकी समुदाय एवं जमपुई पर्वतीय क्षेत्र में रहने वाले जनजातीय समुदाय के लोगों ने मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर प्रदर्शन किया था। टिपरा मोथा का गठन चार वर्ष पूर्व हुआ था। राज्य के पूर्व राजघराने के वंशज प्रोद्युत माणिक्य देबबर्मा और पूर्व उग्रवादी बिजॉय कुमार ह्रांगखॉल के नेतृत्व में टिपरा मोथा आदिवासी नियंत्रित ग्रेटर टिपरालैंड के साथ-साथ त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएएडीसी) के लिए अधिक धन और स्वायत्तता की मांग को लेकर त्रिपुरा सरकार और केंद्र से बातचीत कर रहे हैं।

# बृजभूषण शरण सिंह ने पूछा, क्या आपको मेरे चेहरे पर आरोप दिखाई पड़ रहे हैं



**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने इस बहुचर्चित मामले के अदालत में विचाराधीन होने का हवाला देते हुए इस विषय में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। हालांकि, उन्होंने मीडियाकर्मियों से प्रतिप्रश्न किया कि क्या उन्हें उनके चेहरे पर आरोप दिखाई पड़ रहे हैं? महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न मामले में किए गए सवालों पर सिंह ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा,मेरे खिलाफ लगे आरोप न्यायपालिका में विचाराधीन हैं, इसलिए मैं इस विषय में कुछ नहीं बोलूंगा। लेकिन आप मेरा चेहरा देखें। क्या आपको इस पर आरोप दिखाई पड़ रहे हैं? उत्तरप्रदेश के कैसरगंज क्षेत्र से भाजपा के सांसद ने कहा,अदालत ने कहा है कि (महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न मामले में) मीडिया ट्रायल मत कराइए और सच्चाई अदालत में रखिए।

# भारत ने अरुणाचल के कुछ खिलाड़ियों को स्टेपल वीजा जारी करने को लेकर चीन के समक्ष आपत्ति जताई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कुछ खिलाड़ियों को स्टेपल वीजा जारी किए जाने को अस्वीकार्य बताया और कहा कि वह ऐसे कदमों का समुचित उत्तर देने का अधिकार रखता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत पहले ही इस मामले पर चीनी पक्ष के समक्ष अपना कड़ा विरोध दर्ज करा चुका है और भारतीय नागरिकों के लिए वीजा व्यवस्था में अधिवास या जातीयता के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए।

इस मामले से अवगत लोगों ने कहा कि विश्व-विश्वविद्यालय खेलों (वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम) में प्रतिस्पर्धा करने के लिए चीन के चेंगदू की वुशु खिलाड़ियों की 12 सदस्यीय टीम की यात्रा बुधवार रात को रद्द कर दी गई क्योंकि समूह में अरुणाचल प्रदेश के तीन खिलाड़ियों को स्टेपल वीजा दिया गया था। सरकार द्वारा मामले की जांच किए जाने के बाद टीम की यात्रा पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया।

बागची ने कहा कि यह सरकार के संज्ञान में आया है कि उन कुछ भारतीय नागरिकों को स्टेपल वीजा जारी किया गया, जिन्हें चीन में एक अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन में देश का प्रतिनिधित्व करना था। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है और हमने चीनी पक्ष के समक्ष कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है तथा भारत ऐसे कदमों का समुचित जवाब देने का अधिकार रखता है। उन्होंने एक मीडिया ब्रीफिंग में यह बात तब कही जब उनसे पूछा गया कि क्या अरुणाचल प्रदेश के कई खिलाड़ियों को स्टेपल वीजा जारी किया गया है। बागची ने कहा, हमारी दीर्घकालिक और स्पष्ट स्थिति यह है कि वैध भारतीय पासपोर्ट रखने वाले भारतीय नागरिकों के लिए वीजा व्यवस्था में अधिवास या जातीयता के आधार पर कोई भेदभावपूर्ण व्यवहार नहीं होना चाहिए। यदि आव्रजन अधिकारी किसी पासपोर्ट पर वीजा की मोहर न लगाते हुए अलग से कागज पर मोहर लगाकर देते हैं और मोहर लगाकर पासपोर्ट के साथ नत्थी कर देते हैं, तो उसे स्टेपल वीजा कहा जाता है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने स्पेन से 2-2 से ड्रा खेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय महिला टीम ने गुरुवार को यहां नवनीत कौर के दो गोल की बदौलत वापसी करते हुए स्पेनिश हॉकी महासंघ के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित किए जा रहे टूर्नामेंट के दूसरे मैच में मेजबान स्पेन से 2-2 से ड्रा खेला। नवनीत ने 14वें और 29वें मिनट में गोल दागे। स्पेन ने जांटल जिने (13वें मिनट) की मदद से बढ़त हासिल की और घरेलू टीम के लिए दूसरा गोल लाइया विदोसा ने 26वें मिनट में दागा।

स्पेन ने घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए पहले क्वार्टर में भारतीय डिफेंस पर दबाव बनाया। लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता हर प्रयास को विफल करती रहीं। पहले क्वार्टर के अंत में स्पेन ने जवाबी हमले किए और जिने ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। नवनीत सर्कल के अंदर लंबे पास का फायदा उठाने में सफल रही, उन्होंने गोल कर भारत को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अब दोनों टीमें दूसरे क्वार्टर में एक और गोल की तलाश में थीं जिसमें भारतीय खिलाड़ी दीपिका का जानदार शॉट नेट के ऊपर से निकल गया जिससे मेजबान टीम ने राहत की सांस ली। इस क्वार्टर के खत्म होने में कुछ ही मिनट बचे थे और विदोसा ने पेनल्टी कॉर्नर का पूरा फायदा उठाते हुए गोल कर दिया जबकि इससे पहले भारतीय गोलकीपर ने एक गोल बचाया था। फिर भारतीय टीम को नवनीत ने बराबरी दिलाई जब उन्होंने पहले हाफ से एक मिनट में स्पेनिश डिफेंस को चीरते हुए शानदार गोल किया।



# राष्ट्रपति मुर्मू ने पीवीटीजी सदस्यों से मुलाकात की, शिक्षा पर जोर दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी) के सदस्यों से यहां राजभवन में मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने अपने गृह राज्य की तीन दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन यहां राजभवन में आयोजित बैठक में कहा कि पीवीटीजी सबसे पिछड़े हैं और इसलिए उनके उत्थान के लिए तत्काल सरकारी मदद की जरूरत है। उन्होंने पीवीटीजी से शिक्षा को 'अत्यधिक' महत्व देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के अलावा राष्ट्रीय फेलोशिप और विदेशी छात्रवृत्ति योजना में पीवीटीजी समुदाय के छात्रों के लिए सीटों का विशेष प्रावधान है। उन्होंने बैठक में मौजूद ओडिशा के जनजातीय मामलों के मंत्री से पीवीटीजी की शिक्षा और कौशल विकास पर जोर देने को कहा। बैठक में शामिल लोगों से राष्ट्रपति ने कहा, अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें। लड़का और लड़की दोनों को शिक्षा हासिल करनी चाहिए क्योंकि केवल यही आपकी समस्याओं को दूर कर सकता हैं।

## मणिपुर हिंसा के खिलाफ रालोद का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के कार्यकर्ताओं ने हिंसाग्रस्त मणिपुर की स्थिति और वहां महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार के खिलाफ बृहस्पतिवार को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया और पूर्वोत्तर के इस राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने राज्य के सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन किया और मणिपुर की मौजूदा स्थितियों पर जिला अधिकारियों के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से पार्टी ने मांग की है कि मणिपुर सरकार को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करके राष्ट्रपति शासन लगाया जाए और मणिपुर नरसंहार की निष्पक्ष जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के किसी सेवारत न्यायाधीश के नेतृत्व में एक समिति गठित की जाए।

दुबे ने कहा कि रालोद ने मणिपुर में महिलाओं, जनजातियों, दलितों और गरीबों पर हो रहे अत्याचार को तुरंत रोकने और मणिपुर हिंसा में मारे गए लोगों के परिवारों को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है।

# उत्तम सिंह चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय जूनियर हॉकी टीम के कप्तान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जूनियर हॉकी टीम के स्टार फॉरवर्ड उत्तम सिंह को चार देशों के आगामी टूर्नामेंट के लिए कप्तानी सौंपी गई है। हॉकी इंडिया ने 18 से 22 अगस्त तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए 20 सदस्यीय टीम का ऐलान बृहस्पतिवार को किया। भारत का सामना इंग्लैंड, स्पेन और मेजबान जर्मनी से होगा। यह टूर्नामेंट पांच से 16 दिसंबर तक कुआलालम्पुर में होने वाले एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 की तैयारी के लिए अहम है। भारतीय टीम में गोलकीपिंग का दारोमदार मोहित एच एस और रणविजय सिंह यादव पर होगा जबकि डिफेंस में शारदानंद तिवारी, रोहित, अमनदीप लाकड़ा, वारिबाम नीरज कुमार सिंह और योगेम्बर यादव हैं।

# कई बार इस सवाल का जवाब दे चुका हूं, विदेश में कोहली के टेस्ट फॉर्म पर बोले रोहित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ब्रिजटाउन/भाषा।** पिछले कुछ वर्षों में विदेश में विराट कोहली के फॉर्म को लेकर बार बार पूछे जाने वाले सवालों से आजिज आ चुके भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि बाहर की आवाजों का टीम पर असर नहीं होता। पूर्व कप्तान कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट आफ स्पेन में ड्रॉ रहे दूसरे टेस्ट में शतक जमाया। विदेश में इस प्रारूप में उन्होंने पांच साल बाद शतक लगाया है।

एक पत्रकार ने पूछा कि क्या कोहली के बड़ी पारी नहीं खेल पाने को लेकर चिंता थी, रोहित ने कहा कि टीम बाहर की बातों पर ध्यान नहीं देती। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैं इस सवाल का कई बार जवाब दे चुका हूं। ये सब बाहरी बातें कि किसने कितने रन बनाए, कितने विकेट लिए। जो लोग ऐसी बातें करते हैं, उन्हें पता नहीं होता कि टीम के भीतर क्या होता है। उन्होंने कहा, जो भीतर होता है, वह भीतर ही रहता है। हम ऐसा ही चाहते हैं। सबसे अहम बात मैच और श्रृंखलाएं जीतना है, यह नहीं कि कौन क्या कह रहा है।हमें उससे फर्क नहीं पड़ता। भारतीय कप्तान ने कहा, इस समय प्राथमिकता वनडे श्रृंखला जीतना है। मैं कई बार कह चुका हूं कि टीम के भीतर की बातें हम भीतर ही रखना चाहते हैं और आगे भी यही कहूंगा। कोहली ने पिछली बार विदेश में शतक दिसंबर 2018 में बनाया था। पोर्ट आफ स्पेन में उन्होंने अपने 500वें अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान 76वां शतक लगाया।

## सुविचार

**जैसे जैसे उम्र गुज़रती हैं, एहसास होने लगता हैं, माँ बाप हर चीज़ के बारे में सही कहते थे।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# लूट का खेल

देश में साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। वे इस हद तक बेकाबू हो गए हैं कि केंद्रीय मंत्री तक को ब्लैकमेल करने लगे हैं। समय रहते इन पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो ये सभ्य समाज के लिए बहुत बड़ी मुसीबत बन जाएंगे। अब तक इन अपराधियों का जाना-पहचाना तरीका यह था कि वे बातों में उलझाकर बैंक खाते से रुपए उड़ा लेते थे। अब वे इससे एक कदम आगे बढ़कर लोगों को अश्लील वीडियो दिखा उन्हें ब्लैकमेल करने (सेक्सटॉर्शन) लगे हैं। वे इस दौरान संबंधित व्यक्ति की रिकॉर्डिंग कर लेते हैं, उसे बदनाम करने की धमकी देते हैं। फिर खुद के बैंक खाते में रुपए मंगवा लेते हैं। पहले जहां पीड़ित अनजाने में रुपए गंवा बैठता था, अब खुद उन्हें रुपए भेजता है। ये अपराधी उसे इस कदर ख़ौफ़ज़दा कर देते हैं कि वह पुलिस के पास जाने से भी कतराता है। कई लोग तो अपना सबकुछ लुटाकर पुलिस से मदद मांगने गए। वहीं, ऐसे भी मामले सामने आए हैं, जिनमें पीड़ितों ने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। ज्यादातर मामले में ऐसा होता है कि उनके पास वॉटसऐप पर वीडियो कॉल आता है। चूंकि नंबर अनजान होता है तो लोगों के मन में कुछ सवाल भी उठते हैं। फिर यह सोचकर वीडियो कॉल स्वीकार कर लेते हैं कि शायद कोई परिचित होगा। जैसे ही कॉल स्वीकार करते हैं, स्क्रीन पर एक अश्लील वीडियो चलने लगता है। अचानक ऐसा वीडियो देखकर संबंधित व्यक्ति हैरान रह जाता है। कुछ समय बाद कॉल कट जाता है। फिर दोबारा कॉल आता है और यह कहकर धमकी दी जाती है कि आपका एक आपत्तिजनक वीडियो हमारे पास है। हमें इतने रुपए भेजें, अन्यथा यह वीडियो आपके परिचितों को भेजकर बदनाम करेंगे।

कुछ मामलों में यह देखा गया है कि साइबर अपराधी खुद को पुलिस या किसी चर्चित जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर दावा करता है कि आपके खिलाफ अश्लीलता को लेकर केस दर्ज हुआ है और वह वीडियो हमारे दफ्तर में स्क्रीन पर चल रहा है, जिसे सभी अधिकारी व कर्मचारी देख रहे हैं। अगर आप कानूनी कार्रवाई से बचना चाहते हैं तो दिए गए नंबर पर जुर्माने के तौर पर रुपए भेज दीजिए। चूंकि ऐसे मामलों में पीड़ित की कोई ग़लती नहीं होती। उसे जानबूझकर फंसाया जाता है, लेकिन वह धमकियों से इतना डर जाता है कि रुपए भेजकर पीछा छुड़ाना चाहता है। एक बार जब रुपए भेज देता है तो लूट का खेल शुरू हो जाता है। फिर उससे अलग-अलग खर्चों के नाम पर जमकर वसूली की जाती है। जब कभी पुलिस दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाती है तो ऐसे अपराधी पकड़ में भी आते हैं। जैसे, केंद्रीय मंत्री को ब्लैकमेल करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने राजस्थान से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। यह भी चिंता का विषय है कि हाल में राजस्थान में ऐसे मामले में कई अपराधी गिरफ्तार हुए हैं। सवाल है- क्या राजस्थान के कई इलाके साइबर अपराधियों के गढ़ बनते जा रहे हैं? ये अपराधी आम लोगों को तो लूट ही रहे हैं, प्रभावशाली लोगों को भी धमकी देने से बाज़ नहीं आ रहे हैं। क्या इनके पीछे कोई शक्तिशाली गिरोह है, जो इन्हें प्रशिक्षण दे रहा है और पुलिस की पकड़ से सुरक्षित रहने के हथकंडे सिखा रहा है? सोशल मीडिया की यह डगर बहुत जोखिम भरी होती जा रही है। इसे सुरक्षित बनाने और आम जनता का विश्वास कायम रखने के लिए जरूरी है कि साइबर अपराधियों को ऐसी सजा मिले, जो दूसरों के लिए भी सबक बने।

## ट्वीटर टॉक



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तीव्र गति से तरक्की कर रहा है, लेकिन विपक्ष को यह पसंद नहीं आ रहा; वो देश की तरक्की और प्रधानमंत्री जी की लोकप्रियता को पचा नहीं पा रहे हैं। लेकिन विपक्ष कितनी भी बाधाएं-अड़चने डाल ले, पर देश अब रुकने वाला नहीं है।

**-अर्जुनराम मेघवाल**



कांग्रेस राज में जनता को अच्छे हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज क्यों नहीं मिले? आपने किसानों के लिए कितना कर्ज माफ किया? क्यों उनकी जमीनें आपकी सरकार नीलाम करवाना चाहती है। जबकि केंद्र सरकार अपनी योजनाओं से किसानों की आय बढ़ा रही है, उन्हें स्वावलंबी बना रही है।

**-सीपी जोशी**



ईस्ट इंडिया कंपनी में भी इंडिया था। यह नाम देशभक्ति के लिए नहीं है। सिमी के नाम में भी इंडिया था लेकिन मिशन इंडिया को आतंकी हमलों से बर्बाद करने का था। जब यह बैन हुआ तो फिर नाम बदल सिमी से पीएफआई किया। इसके नाम में भी इंडिया था लेकिन काम वही पुराना।

**-नरेन्द्र मोदी**

## प्रेरक प्रसंग

# हंस-बगुला



एक बार एक संत विरोधी आदमी ने कबीर के पास जाकर कह दिया कि अरे तुम जाति के जुलाहे हो तो मन लगाकर कपड़ा बनाओ और राजा से अशर्फी लो। पर तुम तो बस दो समय की रोटी और बाकी समय लोगों का जमघट लगाकर बातचीत के सिवा कुछ नहीं करते। यह सुना तो कबीर कुछ पल मौन रहे अब कबीर तो फक्कड़ थे। वह आदमी जवाब का आग्रह करने लगा तो कबीर ने कहा कि सोने-चांदी का संग्रह करने से अच्छा तो अच्छे विचारों का संग्रह करने में समय बिताकर मेरा अंतर्मन संतुष्ट होता है। ओ भले मानुष! जानते तो हो न, एक ही सरोवर से हंस मोती चुनता है और बगुला मछली, सोच-सोच का फर्क होता है, और आखिर यह आपकी सोच ही है जो आपको सचमुच अलग बनाती है।

## सामयिक

# अब सार्थक बहस हो एवं संसद सुचारु चले

**ललित गर्ग**
**मो. 9811051133**




विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का निर्णय लेकर अपनी राजनीतिक अपरिपक्वता, नासमझी एवं विवेकहीनता का ही परिचय दिया है, यह प्रस्ताव स्वीकार भी हो गया। अब प्रतीक्षा है उस पर बहस की। आइएनडीआइए भले ही अविश्वास प्रस्ताव को अपनी जीत समझ रहा हो और यह मानकर चल रहा हो कि उसे संसद में अपनी एकजुटता एवं ताकत दिखाने का अवसर मिलेगा, लेकिन एक तो इस प्रस्ताव का गिरना तय है, दूसरा विपक्षी एकता एवं शक्ति के दावे भी खोखले साबित होने है। जब प्रस्ताव का गिरना पहले से ही तय है तो क्यों विपक्ष अपनी किरकिरी कराने पर तूली। विपक्षी दलों का मणिपुर पर प्रधानमंत्री के वक्तव्य की अपनी मांग पर अडे रहना भी हास्यास्पद है। क्योंकि प्रधानमंत्री ने पहले ही मणिपुर के हालात पर क्षोभ व्यक्त करते हुए संसद भवन परिसर में कहा था कि यह घटना किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है और इससे पूरे देश की बेइज्ज़ती हुई है। बावजूद विपक्ष की जिद्द इसलिये भी बचकानी एवं बेहूदी कही जायेगी क्योंकि कोई भी मामला जिस मंत्रालय संबंधित होता है, उसके ही मंत्री को उस पर वक्तव्य देना होता है।

सोचने वाली बात है कि विपक्ष यदि वास्तव में मणिपुर पर दु:खी होता तो चार दिन संसद का काम रोक कर न तो नारेबाजी और न हठधर्मिता में अपनी ऊर्जा खपा रहा होता और न ही गृह मंत्री को सुनने से इन्कार कर रहा होता। विपक्षी दलों की चिंता मात्र एक दिखावा ही अधिक प्रतीत हुई है। विपक्ष का चेहरा जनता के सामने बेनकाब हुआ है, जो कुछ बाकी रहा है प्रधानमंत्री अविश्वास प्रस्ताव पर अपने वक्तव्य में उसे उघाड़ देंगे, इस नए गठबंधन की कथित एकजुटता की पोल भी खोल ही देंगे और उसकी आपसी खींचतान को भी उजागर कर ही देंगे। विपक्षी गठन इंडिया के गठन के बाद वे कितने राजनीतिक रूप से शक्तिशाली हुए है और प्रधानमंत्री को चुनौती देने की स्थिति कितने सक्षम बने हैं, इन स्थितियों का भी पर्दापाश होगा। बात जब तीर से निकली है तो दूर तक जायेगी, अविश्वास प्रस्ताव की बहस केवल मणिपुर तक सीमित नहीं रहने वाली, क्योंकि हालिया पंचायत चुनावों के दौरान बंगाल में जो भीषण हिंसा हुई, कोई भी उसकी अनदेखी नहीं कर सकता-मोदी सरकार तो बिल्कुल भी नहीं। यह सही है कि अविश्वास प्रस्ताव लाकर विपक्ष ने अपने इस उद्देश्य को हासिल कर लिया कि मणिपुर के मामले में प्रधानमंत्री को सदन में बोलना ही पड़ेगा, लेकिन उसने उन्हें अपनी राजनीतिक हठधर्मिता को बेनकाब करने का अवसर भी दे दिया है। एक तरह से अपने पांव पर खुद कुल्हाड़ी चला दी है।

यह पूरे देश की जनता को मालूम है कि इस अविश्वास प्रस्ताव से मोदी सरकार को कोई खतरा नहीं है क्योंकि इसके पास अपने बूते पर सदन में जबर्दस्त बहुमत है और 538 की वर्तमान सदस्य संख्या वाली लोकसभा में भाजपा व इसके सहयोगी दलों के 332 सांसद हैं जबकि इंडिया दलों के 142 व निरपेक्ष या संकट के समय मोदी सरकार का साथ देने वाले दलों के सदस्यों की संख्या 64 है। यह अविश्वास प्रस्ताव सांकेतिक है और इस बात का प्रयास है कि इसके माध्यम से विपक्षी गठबन्धन देश के लोगों के बीच अपने समर्थन में 'जन-अवधारणा' का निर्माण कर सके। लेकिन विपक्षी दलों का यह न्यूसेंस भरा ध्येय अधूरा ही रहने वाला है। अविश्वास प्रस्ताव संसदीय लोकतन्त्र में प्राय: सरकारों के खिलाफ जन अवधारणा सृजित करने के लिए ही लाये जाते हैं क्योंकि भारत के संसदीय इतिहास में अब तक 28 अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये, जिनमें केवल तीन बार ही सत्तारूढ़ सरकारें इनके माध्यम से सत्ता से बेदखल की गई हैं।

मोदी सरकार अपने इस कार्यकाल में पहली बार अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रही है, इसके पहले 2018 में भी मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, तब भी उसे पराजय का सामना करना पड़ा था और उस समय ही मोदी ने भविष्यवाणी करते हुए कहा था कि 2023 में फिर से अविश्वास प्रस्ताव लाने का आपको मौका मिले।' मौका तो विपक्ष को मिल ही गया है, पिछली बार की तरह इस बार भी ऐसा ही सुनिश्चित सा दिख रहा है, कि प्रस्ताव औधे मूंह गिरेगा। हालांकि लोकतंत्र के सर्वोच्च मंच संसद पर सत्ता पक्ष और विपक्ष की ऐसी रस्साकशी कोई नई बात नहीं है। इसे स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण भी कहा जा सकता है। लेकिन इस तरह की कवायद एवं मंथन से जनता के हित में कुछ निकलना चाहिए, वह निकलता हुआ दिख नहीं रहा है। मणिपुर में जिस तरह के दृश्य पिछले दिनों देखने को मिले, उसके मद्देनजर इस तरह की रस्साकशी की बजाय सार्थक बहस का माहौल बनाकर समस्या के समाधान का रास्ता निकला जाता तो वह आशा की किरण बनता। बेहतर तो यही होता कि विपक्ष और सरकार आपस में बातचीत से सहमति की कोई सूरत निकाल कर मणिपुर पर विस्तृत चर्चा कर लेते और इसके लिए अविश्वास प्रस्ताव की नौबत न आती।

अविश्वास प्रस्ताव से तीन बार ही सत्तारूढ़ सरकारें सत्ता से बेदखल की गई हैं। इनमें सभी सरकारें गठबंधनों की खिचड़ी सरकारें थीं और एक बार 1999 में तो अटल बिहारी वाजपेयी की साझा सरकार केवल एक वोट से ही गिर गई थी। जबकि इससे पहले 1990 में वीपी सिंह की 'दो खड़ाऊ' भाजपा व वामपंथियों के समर्थन पर खड़ी सरकार बुरी तरह लोकसभा में हार गई थी और 1997 में कांग्रेस के समर्थन पर टिकी देवेगौड़ा सरकार का हश्र भी ऐसा ही हुआ था। मगर मोदी सरकार में तो भाजपा के ही 301 सांसद हैं। अब जबकि अविश्वास प्रस्ताव पर बहस होना निश्चित हो गया है तो यह बहस लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित एवं सार्थक बहस हो। आदर्श मूल्यों की वाहक बने। मणिपुर जैसी जटिल समस्या के साथ अन्य समस्याओं के समाधान की प्रेरक बने। संविधान पक्ष एवं विपक्ष को केवल अधिकार नहीं देता, उनसे शुद्ध आचरण की अपेक्षा भी करता है। अब संसद में कामकाज सुचारू ढंग से शुरू हो, इसकी व्यवस्था होनी चाहिए मगर साथ ही ध्यान रखा जाना चाहिए कि उच्च सदनों में विपक्ष के नेताओं को भी अपनी बात रखने का समुचित अवसर सम्मानजनक तरीके से दिया जाये। संसदीय प्रणाली में विपक्ष के नेता का महत्व भी कोई कम नहीं होता क्योंकि वह भी उन करोड़ों लोगों की आवाज होता है, जिनको अपनी आवाज संसद में रखने के लिये जनता ने ही चुना है। भाजपा सरकार पर संसद में रवैया बहुत एकपक्षीय और मनमाना होने का आरोप भी निराधार साबित होना चाहिए। न्यूसेन्स में जैसे कोई आधार नहीं होता, कोई तथ्य नहीं होता, कोई सचाई नहीं होती तो दूसरों के लिए खोदे गए खड्डों में स्वयं एक दिन गिर जाने की स्थिति बन जाती है। विपक्ष इस न्यूसेन्स स्थिति से बाहर आये, विपक्ष में अपनाई जा रही इस न्यूसेन्स वाली नुकसानदेय एवं उकसाने वाली नीति से आक्रमण करना आसान है, क्योंकि आक्रमण में बुद्धि और ताकत कम लगती है जबकि बचाव में ज्यादा। विपक्ष की भूमिका को सार्थक करने के लिये ताकत भले ज्यादा लगे, लेकिन वही जनता के दिलों पर राज एवं जन अवधारणा सृजित करती है।

## मुद्दा

# नैतिकता के मामलें में हम कब अव्वल होंगे?

**ललित गर्ग**



**लालबहादुर शास्त्री एवं अटल बिहारी वाजपेयी की उच्च राजनीतिक परम्पराओं वाले देश में अपनी जिम्मेदारी को तय करते हुए स्वयं इस्तीफे की उम्मीद तो खैर आज के इस दौर में बेमानी ही समझनी चाहिए, क्योंकि यह वह दौर नहीं है, जब राजनेता अपने विभाग से सम्बन्धित किसी और की गलती पर भी इस्तीफा दे दिया करते थे या एक मत के लिये सरकार को गिरने देते हैं।**

नैतिकता, मर्यादा एवं आदर्श मूल्यों के लिये दुनिया में पहचान बनाने वाले भारत की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं ने लगातार नैतिकता को तार-तार किया है। नए राजनीतिक मौसम में सत्ता और दाग दोनों साथ-साथ चलते हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है एवं नये बनते भारत की सबसे बड़ी बाधा है। इन हालातों में छोटे से देश न्यूजीलैंड से आई एक खबर भारतीय राजनेताओं के लिए नसीहत भरी है। वहां की न्याय मंत्री किरी एलन को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ गया। इस्तीफे की वजह यह रही कि हद से ज्यादा नशे की हालत में वाहन चलाते हुए किरी ने एक खड़ी हुई कार को टक्कर मार दी थी। जो हादसा हुआ वह यों तो सामान्य लगता है लेकिन प्रतिक्रिया के रूप में नैतिक आधार पर मंत्री ने पद छोड़ दिया, यह भारत के आधुनिक राजनेताओं के लिये एक प्रेरणा है। भारत के सन्दर्भ में न्यूजीलैंड में मंत्री के इस्तीफे का यह उदाहरण इतना ही बताने के लिए काफी है कि कानून-कायदे सख्त हों इससे ज्यादा जरूरी यह है कि कानून सबके लिए समान भी हों। अपराध या गलती होने पर राजनेता पहले उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने पद को त्यागे। यह एक अवसर है कि न्यूजीलैंड से मिली नसीहत और नैतिकता के मापदण्डों पर भारत के राजनेता एवं सत्ता पर बैठे लोगों के लिये खरा उतरने की प्रेरणा लेने का। लेकिन ऐसा न होना एक गंभीर स्थिति है। मणिपुर में 4 मई का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कुकी समुदाय की महिलाओं को मैतेई समुदाय के पुरुषों के एक समूह ने नग्न परेड कराया और उनके साथ दरिंदगी की। मणिपुर की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दो महिलाओं को नग्न घुमाने की घटना ने 140 करोड़ भारतीयों को शर्मसार किया है, लेकिन प्रश्न है कि वहां के मुख्यमंत्री ने इसकी जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद को त्यागने का उदाहरण क्यों नहीं प्रस्तुत किया।

इससे पूर्व लम्बे समय तक ब्रजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों से लगातार यौन उत्पीडन के आरोप लगते रहे, प्रदर्शन होते रहे, उन्होंने सचाई सामने आने तक अपने पद से त्यागपत्र क्यों नहीं दिया। जबकि उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 506 (आपराधिक धमकी), 354 (महिला की शीलता भंग करना), 354-ए (यौन उत्पीड़न) और 354-डी (पीछा करना) के तहत आरोप तय हो गए हैं। इससे पूर्व लखीमपुर खिरी में जिस क्रूर तरीके से मंत्री के बेटे ने हिंसक घटना को अंजाम दिया गया, उसकी वीडियो भी वायरल हुई। इसके बावजूद सम्बन्धित मंत्री महोदय से न तो इस्तीफा लिया गया, न एक जिम्मेदार पद पर होने की नैतिकता के निर्वहन के लिए इस मामले में न्याय होने तक स्वयं इस्तीफे की कोई पेशकश की गई।

वर्तमान दौर पर निगाह डालें तो राजनीति में संवेदना, मर्यादा और नैतिकता लगातार छिजती जा रही है। जो न केवल राजनीति पर ही सवाल खड़ा नहीं करती, बल्कि मानवीय संवेदना को भी कठघरे में लाती है। अभी तक अमीर बापों की नशे में धुत संतानों द्वारा गरीब लोगों को कुचलकर मार डालने के मामले ही सामने आते रहे हैं। लेकिन जब कभी समाज में अमीर और रसूखदार लोगों द्वारा जघन्य अपराध किये गये, तो पूरे समाज ने विरोध में उतरकर अपने सभ्य होने का प्रमाण दिया। नैना साहनी तंदूर हत्याकांड हो या नितीश कटारा मर्डर केस या निर्भया का मामला, इन मामलों पर पूरे समाज ने एकजुटता दिखाई, लेकिन लखीमपुर खीरी, बृजभूषण की घटना हमें सोचने के लिए मजबूर करती है कि मानवीय संवेदना का स्तर लगातार कम होता जा रहा है या हम एक निष्ठुर और असंवेदनशील समाज होने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं?

राजनीति में अनैतिकता तरह-तरह से पांव पसार रही है। दलबदल, नेताओं पर बदले की भावना से हो रही कार्रवाइयां भी अनैतिकता के ही उदाहरण हैं। शरद पवार के भतीजे अजित पवार के नेतृत्व में राकांपा के विधायकों द्वारा दल-बदल कर पिछले दिनों शिंदे की शिवसेना-भाजपा सरकार के साथ जाने से इस बात का पर्दाफाश हो गया है कि जो नेता चाहते हैं, वे खुद को सबसे ऊंची बोली लगाने वाले को बेच देते हैं और यह सब काम बड़ी सटीकता से किया जाता है तथा इसमें मनों का मेल, विचारधारा, सिद्धान्त, नैतिकता या व्यक्तिगत पसंद आदि जैसे कोई बहाने नहीं बनाए जाते। नैतिकता एवं मूल्यों की वकालत करने वाली भारतीय जनता पार्टी भी राजनीतिक जोड़तोड़ के लिये मूल्यों से मुंह फेरने लगी है एवं स्मार्ट राजनीतिक प्रबंधन के लिए जानी जाती है। प्रलोभन तथा धमकाने के लिए राज्य तंत्र एवं सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल कर उसने भी नैतिकता को ताक पर ही रखा है।

राजनीति में सब एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं और मर्यादा के हमाम में सब नंगे हैं-यह राजनीतिक का एक कटू सच है। बिहार के नीतीश कुमार, पिछले वर्ष अगस्त तक जब जद (यू) ने पाला नहीं बदला था, वह मोदी का गुणगान कर रहे थे, किंतु अपने मित्र से दुश्मन और दुश्मन से मित्र बने लालू की राजद के साथ सरकार बनाने से उनका रुख बदल गया है। ऐसा लगता है राजनीति में अब नैतिकता भी सनी लियोनी की तरह जीना सीख गई है। वह आधुनिक ख्यालों में पूरी तरह स्वतंत्र, मर्यादा एवं नैतिकताविहीन विचारधारा की हो गयी है। सारे राजनेता राजनीतिक दलों के नंगे बदन को देखकर भी विचलित नहीं होते, फिर भी आम लोग या फटे कपड़ों से ढके भूखे लोगों को आशा हैं कि राजनीति की नैतिकता किसी तरह पूरी तरह ढक जाए।

लालबहादुर शास्त्री एवं अटल बिहारी वाजपेयी की उच्च राजनीतिक परम्पराओं वाले देश में अपनी जिम्मेदारी को तय करते हुए स्वयं इस्तीफे की उम्मीद तो खैर आज के इस दौर में बेमानी ही समझनी चाहिए, क्योंकि यह वह दौर नहीं है, जब राजनेता अपने विभाग से सम्बन्धित किसी और की गलती पर भी इस्तीफा दे दिया करते थे या एक मत के लिये सरकार को गिरने देते हैं। खुद को कानून से ऊपर समझने की फितरत रखने भारतीय राजनेताओं एवं मंत्रियों के लिए छोटे से देश न्यूजीलैंड से आई खबर निश्चित ही अनुकरणीय है। प्रश्न है कि न्यूजीलैंड की तरह हमारा देश कानून का सख्ती से पालन एवं नैतिक निष्ठा दिखाने में कब तक निस्तेज बना रहेगा? न्यूजीलैंड में न केवल कानून सख्त हैं बल्कि नैतिकता और मर्यादा के मामले में राजनेता दूसरे देशों के मुकाबले कहीं ज्यादा सतर्क हैं। वहां की न्याय मंत्री को छोटी-सी घटना पर न केवल तीन-चार घंटे पुलिस स्टेशन में भी रहना पड़ा था बल्कि इस्तिफा भी देना पड़ा। वहां के प्रधानमंत्री ने न्याय मंत्री का इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है। नजीर पेश करने का यह न्यूजीलैंड में कोई अकेला उदाहरण नहीं है। इस साल के शुरू में ही वहां की तत्कालीन पीएम जेसिंडा अर्डर्न ने यह कहते हुए पद से इस्तीफे का ऐलान कर दिया था कि अब उनके पास काम करने के लिए ऊर्जा नहीं बची है। दुनिया की सबसे कम उम्र में महिला प्रधानमंत्री बनने वाली जेसिंडा ने न केवल कोरोना महामारी बल्कि अपने देश में आतंकी हमलों का बहादुरी से मुकाबला किया था। भारत जैसे देश के लिए तो ये ज्यादा सीख देने वाली हैं जहां कुर्सी पर बैठे लोगों के लिए न कानून कोई मायने रखता है और न ही नियम-कायदे। मामूली सड़क हादसों में हर कोई पहुंच की धौंस देता नजर आता है। नैतिकता की बातें तो हमारे यहां सिर्फ राजनीतिक दलों के चुनाव घोषणा पत्रों में ही नजर आती हैं। इतना ही नहीं, बड़े-बड़े घोटालों में नाम आने पर भी राजनेता सत्ता का रौब दिखाने से नहीं चूकते। ऐसा नहीं है कि हमारे यहां राजनेता नैतिकता के आदर्श स्थापित करने वाले नहीं रहे।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

बाघ दिवस



अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस से पहले गुरुवार को पटना के संजय गांधी चिड़ियाघर में प्रकृति और बाघ बचाने के लिए जागरूकता मार्च में छात्र मास्क पहने हुए।

# कैप्टन विक्रम बत्रा का युद्ध उद्घोष 'ये दिल मांगे मोर' आज भी करगिल की चोटियों से गूंजता है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

द्रास (लद्दाख)/भाषा। करीब 24 वर्ष पहले हुए करगिल युद्ध में कैप्टन विक्रम बत्रा ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मनों से लोहा लिया और इस दौरान वह वीरगति को प्राप्त हो गए। बत्रा के भाई विशाल का कहना है कि कैप्टन विक्रम का युद्ध उद्घोष 'ये दिल मांगे मोर' आज भी करगिल की चोटियों से गूंजता है।

विशाल बत्रा 24वें करगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए यहां आए थे। उनके लिए यहां आना किसी तीर्थस्थल पर आने के बराबर है। विशाल ने कहा, जब भी मैं यहां हमारे युवा अधिकारियों तथा सैनिकों के पराक्रम को देखने आता हूं तो मेरे अंदर गर्व का भाव आता है, साथ ही पुरानी यादें भी ताजा हो जाती हैं। आज भी बिलकुल वैसा ही महसूस होता है जैसा उस वक्त होता था। हम अब भी उसे (कैप्टन विक्रम) 'ये दिल मांगे मोर' कहते सुन सकते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें देश में लोगों से जो प्यार मिलता है, उससे वह अभिभूत हैं।

विशाल बत्रा ने कहा, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर यह बेहद मुश्किल यात्रा रही है...इतने वर्ष बीतने के बाद भी मेरे परिवार को शांति नहीं मिली है।

कैप्टन विक्रम बत्रा 24 साल की उम्र में 1999 में करगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तानी सेना से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए थे। उन्हें युद्धकाल का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार 'परमवीर चक्र' मरणोपरांत दिया गया था।

उनके अदम्य साहस के कारण उन्हें प्यार से 'द्रास का टाइगर, करगिल का शेर' और 'करगिल का हीरो' आदि कहा जाता है।

विशाल बैंक में काम करते हैं और उन्होंने कैप्टन के युद्ध उद्घोष 'ये दिल मांगे मोर' का टैटू अपने हाथ पर बनवा रखा है।



# सनी देओल ने कहा, भारत-पाक के बीच 'नफरत' का कारण है सियासी खेल

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड स्टार और पंजाब के गुरदासपुर से भाजपा सांसद सनी देओल ने भारत और पाकिस्तान के बीच 'नफरत' के लिए सियासी खेल को जिम्मेदार ठहराया है। अभिनेता ने कारगिल दिवस पर 'गदर 2' के भव्य ट्रेलर लॉन्च के दौरान यह टिप्पणी की। इस मौके पर फिल्म निर्माता अनिल शर्मा, अमीषा पटेल और उत्कर्ष शर्मा भी मौजूद थे। सनी ने कहा, कुछ ले जाने या लेने-देने की बात नहीं होती है। बात होती है इंसानियत की। झगड़े नहीं होने चाहिए। दोनों तरफ उतना ही प्यार है, ये सियासी खेल होता है जो सब नफ़रत पैदा करता है। और वो ही आप देखेंगे इस फिल्म में भी। जनता नहीं चाहती कि एक दूसरे के साथ हम झगड़ा करें। आख़िर हैं तो सब इस ही मिट्टी से।

'गदर 2' गदर: एक प्रेम कथा' की अगली कड़ी है, जो 2001 में रिलीज़ हुई थी। यह अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित और 1947 में भारत के विभाजन के दौरान सेट की गई भारतीय हिंदी भाषा की रोमांटिक पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म है। बूटा सिंह के जीवन पर आधारित इस फिल्म में सनी देओल, अमीषा पटेल, अमरीश पुरी और लिलेट दुबे हैं। 2001 में, अमीषा को 500 लड़कियों की ऑडिशन के बाद सकीना की भूमिका मिली थी। 'गदर 2' में तारा सिंह को भारत विरोधी क्रश इंडिया अभियान के बीच अपने बेटे चरणजीत को वापस लाने के लिए लाहौर, पाकिस्तान लौटते हुए दिखाया जाएगा। अनिल और ज़ी स्टूडियो द्वारा सह-निर्मित, 'गदर 2' 11 अगस्त को रिलीज़ होगी।

# 'कोहिनूर' में नज़र आएगी महिलाओं की ज़िंदगी में संघर्ष और बदलाव की कहानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। मशहूर थिएटर समूह 'फोरम थ्री' की ओर से नए नाटक 'कोहिनूर' का मंचन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि 29 जुलाई को शाम 3.30 और 7.30 बजे बेंगलूरु इंटरनेशनल सेंटर में इसका मंचन होगा। इसी तरह 5 अगस्त को शाम 3.30 और 7.30 बजे एलायंस फ्रैन्काइज़ में मंचन किया जाएगा। नाटक की अवधि 90 मिनट है।

इसकी भाषा हिंदी है। बताया गया कि 'कोहिनूर' भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों, आर्थिक स्तर, आयु वर्ग और समय सीमा से चार महिलाओं की कहानी दर्शाता है। इन असमानताओं के बीच, एक बात जो स्थिर रहती है, वह यह है कि वे सभी विभिन्न तरीकों से और निश्चित रूप से आर्थिक रूप से सीमित हैं। वे कैसे अपने जीवन को बदलने की कोशिश करती रहती हैं, यह इसमें दिखाया गया है। आयोजकों ने बताया कि यह नाटक एक सकारात्मक स्वर में हमारे बीच समाज में मानसिकता के बदलाव की गुहार है, जो हमें चिंतन करने और बड़ी तस्वीर देखने के लिए प्रेरित करता है।

यह नाटककार के रूप में संगीता घोषाल का पहला नाटक है। उन्हें अनुवाद, निर्माण, अभिनय, सेट और पोशाक डिजाइनिंग का अनुभव है। वहीं, श्रुति राव इस नाटक से निर्देशक के तौर पर डेब्यू कर रही हैं। वे 20 वर्षों से अधिक समय से बेंगलूरु में थिएटर कलाकार हैं।

उन्हें अभिनय के साथ निर्माण, बैकस्टेज, साउंड आदि का अनुभव है। कला के प्रति अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने कॉर्पोरेट क्षेत्र में पूर्णकालिक नौकरी भी छोड़ दी।

# पायरेसी भारतीय सिनेमा उद्योग को दीमक की तरह खा रही है : अनुराग ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। सरकार ने राज्यसभा में बृहस्पतिवार को कहा कि पायरेसी एक ''दीमक की तरह भारतीय फिल्म उद्योग को खा रही है और इसको रोकने के लिए लाए गए चलचित्र (संशोधन) विधेयक से उद्योग के हर सदस्य को लाभ मिलेगा और सिनेमा के माध्यम से भारत एक ''साफ्ट पॉवर की तरह तेजी से उभरेगा।


सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने उच्च सदन में यह बात चलचित्र (संशोधन) विधेयक 2023 को चर्चा के लिए रखते हुए कही। उन्होंने कहा कि चार दशकों में बहुत बदलाव आया है। उन्होंने कहा, दर्शकों की संख्या भी बहुत बढ़ी है। भारतीय फिल्मों की साख भी बहुत बढ़ी है। आज विश्व में सबसे अधिक फिल्म बनाने वाला देश भारत है। उन्होंने कहा कि भारतीय फिल्म उद्योग ने इस साल आस्कर पुरस्कारों में भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि लघु वृत्तचित्र में भारत की ''एलीफेंट विस्पर्स और फिल्म ''आरआरआर ने पूरी दुनिया में अपनी धूम मचाई और भारत के लिए आस्कर पुरस्कार जीते।

उन्होंने नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों की ओर इशारा करते हुए कहा कि सरकार जब 40 साल बाद इतने महत्वपूर्ण संशोधन ले कर आई है तो इनके (विपक्ष) रवैये को देखकर लगता है कि ये न तो फिल्म जगत के पक्ष में हैं और न ही भारत के ''साफ्ट पॉवर के रूप में उभरने के पक्ष में।

ठाकुर ने कहा कि यह विधेयक किसी फिल्म निर्माता या निर्देशक के पक्ष में ना होकर स्पॉट ब्वाय, स्टंट मैन से लेकर कोरियोग्राफर तक सिनेमा उद्योग से जुड़े हर व्यक्ति के हित में लाया गया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में पायरेसी के खिलाफ प्रावधान किए गए हैं।

# किम्स में हुई दुर्लभ सर्जरी, घुमावदार रीढ़ की हड्डी सीधी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





भुवनेश्वर/दक्षिण भारत। किम्स के डॉक्टरों ने एक लड़की की घुमावदार रीढ़ की हड्डी की सफलतापूर्वक सर्जरी की है। लंबे समय से स्कोलियोसिस नामक रीढ़ की समस्या से जूझ रही लड़की के माता-पिता ने प्रतिष्ठित अस्पताल से भी निराश होने के बाद आखिरकार किम्स के डॉक्टर से परामर्श किया। यहां आर्थोपेडिक विशेषज्ञ और सर्जन डॉ. जितेंद्र कुमार राउत ने 'इडियोपैथिक स्कोलियोसिस' नामक रीढ़ की हड्डी की समस्या का निदान किया और सर्जरी का सुझाव दिया। डॉ. संजीव गिरि और डॉ. राजमोहन ने सर्जरी की।

डॉ. राउत ने बताया कि लड़की की रीढ़ की हड्डी 'एस' आकार की हो गई थी, जिससे भविष्य में उसके लिए और अधिक समस्याएं पैदा कर सकती थी। किम्स में कुशल डॉक्टरों, उन्नत तकनीक और उपकरणों की उपलब्धता के कारण रीढ़ की हड्डी की ऐसी दुर्लभ सर्जरी संभव हुई। मरीज अब पूरी तरह से ठीक है। डॉ. राउत ने कहा कि कुछ दिनों के आराम के बाद वह सामान्य जीवन जी सकती है।

डॉ. राउत ने कहा कि यह बीमारी आमतौर पर 10 से 15 साल की उम्र के बीच दिखाई देती है। यदि सही समय पर इलाज हो जाता है तो बीमारी ठीक हो सकती है।

गौरतलब है कि ओडिशा के किसी निजी अस्पताल में पहली बार रीढ़ की हड्डी की इतनी जटिल सर्जरी की गई है। इस सर्जरी में आमतौर पर सात-आठ घंटे लगते हैं, लेकिन डॉ. राउत और उनकी मेडिकल टीम इसे महज 4 घंटे में अंजाम देने में सफल रही। दुर्लभ सर्जरी के लिए केआईआईटी, केआईएसएस और किम्स के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने डॉ. राउत और उनकी मेडिकल टीम को धन्यवाद दिया और बच्ची के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (बीएसवाई) के तहत मुफ्त इलाज किया गया।

# 'कमांडो 4' में अनोखे स्टंट और एक्शन करती नजर आएंगी अदा शर्मा

मुंबई/एजेन्सी




अभिनेत्री अदा शर्मा आगामी फिल्म 'कमांडो 4' में एक बार फिर से भावना रेड्डी की भूमिका निभाएंगी। अदा शर्मा का कहना है कि वह ओटीटी और फिल्म के बीच आम कड़ी होंगी। विद्युत जामवाल के साथ 'कमांडो 2 और 3' में नजर आ चुकीं अदा ने कहा, हमने 'द केरल स्टोरी' की रिलीज से पहले कमांडो की शूटिंग की थी। अदा ने कहा, ''मैं इस आधार पर प्रोजेक्ट नहीं चुनती कि यह किसी नए, अनुभवी अभिनेता या किसी लोकप्रिय व्यक्ति के साथ है। मैं जब भी किसी प्रोजेक्ट को चुनती हूं तो यह कभी भी निर्णायक कारक नहीं रहा है। मैं 'कमांडो 4' के ओटीटी वर्जन और फिल्म में भावना रेड्डी की भूमिका निभाऊंगी। वह ओटीटी और फिल्म के बीच आम कड़ी होंगी।

अभिनेत्री ने कहा, ''मेरी पहली फिल्म '1920' थी और 'द केरला स्टोरी' मेरी पिछली रिलीज थी। मुझ पर वास्तव में अद्भुत भूमिकाएं निभाने का भरोसा किया गया था और मैं इसके लिए धन्य महसूस करती हूं। मुझे उम्मीद है कि सभी प्रतिभाशाली अभिनेताओं को अच्छी भूमिकाएं मिलेंगी ताकि वे दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर सकें। फिल्म में अदा अनोखे स्टंट और एक्शन करती नजर आएंगी। फिल्म के एक्शन निर्देशक एंडी लॉन्ग हैं जो अभिनेता और मार्शल आर्ट लीजेंड जैकी चैन के लिए कोरियोग्राफी करते हैं। अदा अगली बार एक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट में एक महिला सुपरहीरो की भूमिका निभाती नजर आएंगी। जब उस समय सुपरहीरो फिल्म की घोषणा की गई थी तो अदा ने कहा था, मैंने हमेशा महिला सुपरहीरो को बहुत अच्छा पाया है और मैं बस इतना कह सकती हूं कि हां, मैं अब एक भूमिका निभा रही हूं और मैं जल्द ही इसके बारे में और अधिक चीजें साझा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। एक्शन एक ऐसी शैली है जिसका हिस्सा बनकर मैं वास्तव में आनंद लेती हूं। उन्होंने आगे कहा था, ''मुझे अलग-अलग भूमिकाएं निभाना पसंद है और मैं भाग्यशाली हूं कि लोग अलग-अलग किरदारों के लिए मेरे बारे में सोच रहे हैं।

# फिल्म 'ओह माय गॉड 2' का गाना 'हर हर महादेव' रिलीज

मुंबई/वार्ता



बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म ओह माय गॉड 2 का दूसरा गाना हर हर महादेव रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म 'ओह माय गॉड' के सीक्वल 'ओह माय गॉड 2' में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में अक्षय के साथ पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी मुख्य किरदार में हैं। ओह माय गॉड 2 का पहला गाना ऊंची ऊंची वादी हाल ही में रिलीज किया गया था। अब ओह माय गॉड 2 का दूसरा गाना हर हर महादेव भी रिलीज हो गया है।इस गाने में अक्षय कुमार शिव तांडव करते हुए नजर आ रहे हैं।बड़ी जटाओं और चेहरे पर राख लगाए, हाथ में डमरू लिए शिव की तरह कभी मंद-मंद मुस्काते तो कभी रौद्र रूप को दर्शाते हुए अक्षय कुमार ने खुद को इसमें खुद को रम दिया है। 'हर-हर महादेव' गाने का म्यूजिक विक्रम मोंट्रोज ने दिया है, गाने को उन्होंने ने ही गाया है।

इस गाने के लिरिक्स शेखर अस्तित्व ने लिखे हैं। ओह माय गॉड 2 का निर्देशन अमित राय ने किया है। इस फिल्म के निर्माता अश्विन वर्दे, वायकॉम 18 और जियो स्टूडियो हैं। फिल्म ओह माय गॉड 2 , 11 अगस्त को रिलीज होगी।



# फिल्म 'मंडप' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई/वार्ता

एस आर के म्यूजिक प्रा. लि. के बैनर तले बन रही अभिनेता दिनेशलाल यादव निरहुआ और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की आने वाली भोजपुरी फिल्म मंडप का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। निरहुआ-आम्रपाली की फिल्म मंडप के फर्स्ट लुक में निरहुआ और आम्रपाली शादी के मंडप में नजर आ रहे हैं। निर्माता रौशन सिंह की फिल्म मंडप की कहानी सामाजिक और पारिवारिक मानदंडों के इर्दगिर्द होने वाली है।इस फिल्म को आनंद सिंह ने निर्देशित किया है। फिल्म मंडप को लेकर निरहुआ ने कहा कि हमारी फिल्म बेहद खास है। यह जब भी रिलीज हो, इसे जरूर देखें। हम सबों ने फिल्म में अपना पूरा योगदान दिया है। इस फिल्म की कहानी ने मुझे बेहद आकर्षित किया था।

उम्मीद है फिल्म दर्शकों को भी बेहद पसंद आने वाली है। फिल्म मंडप की सह निर्माता शर्मिला आर सिंह ने बताया कि फिल्म के संवाद से लेकर गीत संगीत तक बहुत अच्छे हैं। फिल्म मंडप के संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारेलाल यादव, अरविन्द तिवारी, उमा लाल यादव हैं। लेखक मनोज पांडे हैं।

# 'भाबीजी घर पर हैं' में 'चमेली जान' की भूमिका निभाएंगी अंगूरी भाभी

मुंबई/एजेन्सी



हिट टेलीविजन शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री शुभांगी अत्रे जल्द ही दोहरी भूमिका में नजर आएंगी। अभिनेत्री ने बताया कि शो की कहानी दिलचस्प होगी क्योंकि मासूम अंगूरी भाभी एक उत्तेजक व्यवहार वाली क्लब डांसर 'चमेली जान' का रूप धारण करेंगी। इस एपिसोड में एक और हिट शो 'हप्पू की उलटन पलटन' का क्रॉसओवर भी दिखाया जाएगा। इसके मुख्य किरदार हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी), कमिश्नर (किशोर भानुशाली) और मनोहर (नितिन जाधव) एक अंतरराष्ट्रीय अपराधी की प्रेमिका को गिरफ्तार करने के लिए शो में गुप्त रूप से जाएंगे। इस दौरान सभी हैरान रह जाते हैं, जब उनका सामना अंगूरी की हमशक्ल से होता है, जो खुद को 'चमेली जान' कहती है। हालांकि,जब उनका सामना होता है तो लाइट बंद हो जाती है, जिससे वह घायल हो जाती है और मदद मांगती है। इस बीच, तिवारी (रोहिताश्व गौड़) से अपमान का सामना करने के बाद अंगूरी निराश होकर घर छोड़ देती हैं। अभिनेत्री ने कहा, मौका देखकर, कमिश्नर और मनोहर अंगूरी से संपर्क करते हैं और उससे अपराधी को पकड़ने में मदद करने की विनती करते हैं, जिस पर वह सहमत हो जाती है। जैसे-जैसे कहानी सामने आती है, तिवारी और विभूति (आसिफ शेख) भेष बदलकर इसमें शामिल हो जाते हैं।

दोहरी भूमिका निभाने पर खुशी व्यक्त करते हुए, शुभांगी ने विस्तार से बताया, मुझे चमेली जान का नया किरदार निभाना बहुत पसंद आया। विभिन्न अवसरों पर डांस करने से मुझे बहुत खुशी हुई। एक अभिनेत्री के रूप में कई भूमिकाओं में डूबने की इच्छा निरंतर रहती है। मैं 'भाबीजी घर पर हैं' जैसे शो का हिस्सा बनकर खुद को भाग्यशाली मानती हूं, जो हर हफ्ते नई कहानियां पेश करता है और मुझे दर्शकों के लिए कुछ नया पेश करने का अवसर प्रदान करता है।' उन्होंने आगे कहा, अपनी सामान्य उपस्थिति से दूर जाना रोमांचकारी और रोमांचक दोनों था। सबसे बेहतर पहलुओं में से एक मेरे डांस को कोरियोग्राफ करना था। मैंने जीनत अमान, हेलेन, माधुरी दीक्षित जैसे सितारों के प्रदर्शन से प्रेरणा लेते हुए डांस किया। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य दर्शकों के लिए कुछ नया करने का होता है। यह ट्रैक हंसी और मनोरंजन प्रदान करेगा।

दर्शकों ने हमें जबरदस्त प्यार दिया है।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी मंदिर संघ मामुलपेट के तत्वावधान में राजेन्द्र भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि गुरु गौतमस्वामी का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी, नाम जपने से मिटते हैं सारे कष्ट।



# जिनवाणी श्रवण से हमारी आत्मा परिवर्तित होगी : साध्वी सुलोचनाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री सुलोचनाश्री की शिष्या श्री प्रियकल्पनाश्रीजी ने कहा कि हमें जनवाणी से जिनवाणी की ओर मुड़ना है, जनवाणी हमें संसार की ओर मोड़ती है लेकिन जिनवाणी हमारी आत्मा को परिवर्तित करती है। जिनवाणी ही हमारे लिए उपयोगी है और यही हमें तारने वाली है। जनवाणी मात्र जीभ से निकलने वाली है लेकिन जिनवाणी नाभि से निकलती है जिसे हम थोड़ा सुनकर भी हमारी आत्मा का उद्धार अर्जुनमाली की तरह कर सकते हैं जिसने सिर्फ एक बार जिनवाणी सुनी और आत्मा का उद्धार कर लिया। हमें प्रतिक्षण आराधना में लीन होकर मोक्ष प्राप्ति के लिए अपना पुण्य प्रबल करना है। इस कालखंड के तृतीय आरे के अंत में और चतुर्थ और पंचम आरे में ही धर्म विद्यमान है, बाकी के काल में धर्म की उपस्थिति नहीं है। हम बहुत सौभाग्यशाली हैं कि हमें इस कालखंड में मनुष्य जन्म प्राप्त हुआ है। साध्वी जी बताया कि यह मन संसार में भ्रम के कारण ही भ्रमण करता है। अरबों-खरबों कालचक्र में हमें मनुष्य जन्म सिर्फ अडतालीस बार ही मिलता है। उम्र शरीर की होती है, आत्मा की कोई उम्र नहीं होती है। और ज्ञान तो आत्मा में रचा बसा होता है, सिर्फ उस पर कर्मों का आवरण आ जाता है। गुरुवार को संगीता विकास पारख ने आठ उपवास के पचक्खान साध्वीजी से लिए और ट्रस्ट मंडल की ओर से सम्मान किया गया।

# 'सुख और दुख एक सिक्के के दो पहलू हैं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. ने अपने प्रवचन में कहा कि सिक्के के दो पहलू होते हैं। हर व्यक्ति के जीवन में सुख और दुख दोनों आते हैं। पर, हर व्यक्ति सुख चाहता है दुख कोई नहीं चाहता। व्यक्ति ही नहीं, प्राणी मात्र सुख चाहता है, दुख कोई नहीं। हमारे जीवन में दुख और सुख हमारे किए हुए कर्मों के कारण ही आते हैं। प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव की माता मरुदेवी ने अपने जीवन में अपने आगे की पैंसठ हजार पीढ़ियां देखी, लेकिन, उनके जीवन में कभी कोई रोग नहीं आया। क्योंकि, उनका पिछले जन्म में जबरदस्त पुण्यवानी का बंध किया हुआ था। उन्होंने अपने पूर्व भवों में जीवो को साता पहुंचाई इसलिए उनको भी साता पहुंची। हमें हमारे जीवन में आये हुए दुखों को सहन करना चाहिए तथा हमारे जीवन में सुख आने पर भी उसमें डूब नहीं जाना चाहिए। कितने ही महापुरुषों के जीवन में दुख आए लेकिन घबराए नहीं। आगमों में वर्णन आता है कि शालिभद्र को अपार ऋद्धि मिली थी। उनके जीवन में सुख ही सुख था। लेकिन उन्होंने भौतिक सुखों को नाशवान समझकर सब सुख साधनों को छोड़कर अक्षय सुखों को प्राप्त करने हेतु भगवान के पास दीक्षा ग्रहण कर ली थी। हमें सुख और दुख दोनों परिस्थितियों में समभाव रखना चाहिए। अगर हम सुख में भी परमात्मा को याद करेंगे तो हमारे जीवन में दुख आएगा ही नहीं।

इससे पहले साध्वी अनुज्ञाश्रीजी ने कहा कि अगर हमें मोक्ष को प्राप्त करना है तो हमें तीन रत्नों को प्राप्त करना होगा। ये तीन रत्न है सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन, समय चरित्र । इन तीनो रत्नों से हमें अपने जीवन को सुसज्जित करना होगा। हमने सोना, चांदी, हीरा, पन्ना तो बहुत खरीदे लेकिन यह सब भौतिक वस्तुएं यही रह जाएगी। हम ज्ञान दर्शन चरित्र को प्राप्त करेंगे तो वही हमारे साथ चलेगा और हमें अक्षय सुख प्राप्त कराने में सहायक होगा। साध्वीजी ऋषिताश्रीजी ने चातुर्मास संबंधी सूचनाएं प्रदान की। शुक्रवार से श्रमण संघ के द्वितीय पट्टधर आचार्य सम्राट आनंदऋषिजी एवं राजस्थान सिंहनी उपप्रवर्तीनी प सद्गुरुवरिया चरित्रप्रभाजी की जन्म जयंती के उपलक्ष में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें शुक्रवार को संवर दिवस, शनिवार को जाप दिवस तथा रविवार को गुणगान दिवस का आयोजन रखा है। सहमंत्री विनोद भूरट ने संचालन किया।



# तेरापंथ कन्या मंडल के राष्ट्रीय अधिवेशन में शहर की तेरापंथी कन्याओं को मिली सराहना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ आचार्यश्री महाश्रमणजी के सान्निध्य में 19वें तेरापंथ कन्या मंडल राष्ट्रीय अधिवेशन 'उजाला' मुंबई में आयोजित हुआ, जिसमें तेरापंथ कन्या मंडल विजयनगर की सहभागी बनकर लौटने वाली कन्याओं ने तेरापंथ भवन विजयनगर में मुनिश्री दीपकुमारजी एवं काव्यकुमारजी के दर्शन कर अधिवेशन की संक्षिप्त जानकारी दी। मुनिश्री दीपकुमारजी ने कन्या मंडल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कन्या दो घरों को प्रकाशित करने वाली होती है कन्या यदि संस्कारित है, सशक्त है तभी अपने दोनों तरफ प्रकाश फैला पाएगी। कन्याओं को अपनी मर्यादा और दायरे को जानना वह उसका पालन करना चाहिए। स्वतंत्रता का सदुपयोग करें एवं धर्म संघ का नाम रोशन करें।

पूर्व प्रभारी मेघना हिरण, महिला मंडल विजयनगर की पूर्व अध्यक्ष प्रेम भंसाली ने शुभकामनाएं दी। कन्या मंडल की पूर्व संयोजिका खुशी गांधी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। सभा अध्यक्ष प्रकाश गांधी , तेयुप अध्यक्ष राकेश पोकरणा, अणुविभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश चावत ने भी कन्या मंडल शुभकामनाएं दी। महिला मंडल की उपाध्यक्ष बरखा पुगलिया, कन्या मंडल प्रभारी मोनिका गांधी, विजयनगर सभा के मंत्री मंगलकोचर, मनोहरबोहरा , कन्या मंडल की पूर्व सह संयोजिका प्रीति टेबा एवं सह संयोजिकाध्वनि गन्ना उपस्थित रहे।

# भगवान पार्श्वनाथ का निर्माण महोत्सव मनाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। स्थानीय मलेश्वरम स्थानक में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री मणिप्रभाजी की निश्रा में गुरुवार को भगवान पार्श्वनाथ का निर्माण महोत्सव मनाया गया। साध्वीश्री ने मां सती जी ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

साध्वी ऋजुताश्रीजी ने कहा कि इस संसार में यदि कोई वस्तु टूट जाती है तो उस वस्तु को किसी ने किसी उपाय द्वारा जोड़ लिया जाता है। फिर भी वह वस्तु पहले जैसी नहीं हो सकती लेकिन बस काम चला ही लिया जाता है ।

इस संसार में एक ऐसी चीज भी है जो एक बार टूट जाए तो उसे आप लाख चाहे ,करोड़ों प्रयास कर ले फिर भी उसे आप जोड़ नहीं सकते वह चीज क्या है, वह है आयु की डोरी। आयु को आप नहीं जोड़ सकते। मृत्यु शश्वत है।

# जहां संतोष है वहां तृप्ति है और जहां तृप्ति है वहां सुख है : साध्वी संस्कारनिधि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के राजस्थान जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ जयनगर के तत्वावधान में चातुर्मास विराजित साध्वीश्री संस्कारनिधिश्रीजी ने 'लोभ से संतोष की ओर' विषय पर प्रवचन देते हुए कहा कि जहां लोभ हैं ,वहां अतृप्ति है । जहां अतृप्ति है,वहां दुख है। जहां संतोष है, वहां तृप्ति है और जहां तृप्ति है ,वहां सुख है। लोगों की दौड़ कभी समाप्त नहीं होती और पर्याप्त मिलने के बाद भी अधिक के लिए दौड़ना मूर्खता है। फिर भी सारी दुनिया यही मूर्खता कर रही है। स्वास्थ्य मन की शांति और परिवार के प्रेम को दांव पर लगाकर हम कुछ जाने की आकांक्षा में दौड़ते हैं लेकिन हमारा पुण्य जितना होगा उतना ही मिलेगा। इसीलिए सही समय पर इस दौड़ को विराम देकर आत्मिक उन्नति के मार्ग पर चलना प्रारंभ कर कर लेना चाहिए।

# सरलता, नम्रता, सहजता, शीतलता है आत्मा का धर्म : साध्वी तत्वत्रयाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के महालक्ष्मी लेआउट स्थित चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री तत्वत्रयाश्रीजी ने कहा कि इस संसार मे पाने जैसा मोक्ष है और जानने जैसा आत्मतत्व है। कोई भी वस्तु का जो सही स्वरूप ही उसका धर्म है। जैसे नमक का स्वरूप खारा है उसी तरह मानव आत्मा का स्वरूप सरलता, नम्रता, सहजता, शीतलता है वहीं आत्मा का धर्म है। हमारी आत्मा संसार में परिभ्रमण कर रही है, इसका कारण है कर्म। आत्मा कर्म से बंधी होने के कारण संसार में बार-बार जन्म लेती है और मृत्यु को प्राप्त होती है। राग और द्वेष कर्म बंध का बीज होता है। राग और द्वेष भाव के कारण आदमी पाप करता है और अपनी आत्मा को कर्मों से भारित करता है। कर्मों से बंधी आत्मा ही संसार मे हमारी आत्मा संसार में परिभ्रमण कर रही है, इसका कारण है कर्म। आत्मा कर्म से बंधी होने के कारण संसार में बार-बार जन्म लेती है और मृत्यु को प्राप्त होती है। राग और द्वेष कर्म बंध का बीज होता है। राग और द्वेष भाव के कारण आदमी पाप करता है और अपनी आत्मा को कर्मों से भारित करता है। कर्मों से बंधी आत्मा ही संसार में बार-बार जन्म लेती है और मृत्यु को प्राप्त होती है। जन्म-मृत्यु को दु:ख कहा जाता है। पाप कर्मों का जिम्मेदार मोह होता है। मोह राजा तो राग और द्वेष उसके सेनापति हैं। मनुष्य कभी राग तो कभी द्वेष में चला जाता है। अनुकूल स्थिति में राग भाव में तो प्रतिकूल परिस्थिति में द्वेष भाव में चला जाता है। इसके कारण आत्मा कर्मों के बंधन में बंध जाती है और जन्म-मृत्यु रूपी दु:ख को बार-बार प्राप्त होती है। आदमी राग-द्वेष मुक्ति की साधना करे तो मोक्ष मार्ग को प्राप्त कर सकता है ।

# 'सुकृत कार्य की अनुमोदना से पुण्य का बंध होता है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में एलएनपुरम स्थित समणी भवन के प्रांगण में चातुर्मासार्थ विराजित मुनिश्री राजपद्मसागरजी ने कहा कि जीवन में पुण्य की जरूरत पड़ती है, पुण्य के बिना कुछ भी प्राप्त करना कठिन है।

मन पुण्य के विषय में बताते हुए कहा कि मन बड़ा चंचल है, मन से हम पापों का भी उपार्जन करते है और पुण्य का भी उपार्जन करते है। मन के पाप कभी दिखते नहीं है, क्या सोच रहे हो, क्या विचार चल रहे है, वो हम दूसरे के भाव नहीं जान सकते, पर अच्छा विचार करके, दुर्विचारो का त्याग करके और शुभकार्यो की अनुमोदना करके मन से पुण्य का उपार्जन करना है और सिद्धाचल महातीर्थ की यशोगाथा का स्मरण करते हुए उसके इतिहास को बताया। मुनिश्री श्रमणपद्मसागरजी ने कहा कि सभी को स्वच्छ रहना पसंद है। गंदकी किसी को भी पसंद नहीं, ऐसे ही शास्त्रकारों ने बतलाया है कि अरिहंत परमात्मा की भक्ति करने से 7 प्रकार की शुद्धि होत है।

# विपक्षी कुनबे का 'काला जादू' नहीं चलेगा: नकवी

नई दिल्ली/भाषा। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने संसद में काले कपड़े पहनकर पहुंचने को लेकर विपक्षी दलों के नेताओं पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि विपक्षी कुनबे का 'काला जादू' नहीं चलने वाला है। उन्होंने विपक्ष द्वारा मोदी सरकार के खिलाफ लाए जा रहे अविश्वास प्रस्ताव और विपक्ष के नेताओं के काले कपड़े पहनकर आने के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की तपस्या की ताक़त पर वार के लिए काले जादू का प्रहार भी कुनबे का बेड़ा पार नहीं कर सकता।

# प्रशंसा से आराधकों को सावधान रहना चाहिए

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । शहर के संभवनाथ जैन मंदिर वीवी पुरम में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री अभयशेखरविजयजी म.सा. ने अपने प्रवचन में कहा कि प्रशंसा से आराधकों को सावधान रहना चाहिए। प्रशंसा के जाल में गिरे तो सुकृत हम करेंगे लेकिन लाभ मोह राजा ले जायेंगे।

ज्ञानी भगवंत कहते हैं कि प्रशंसा को लोक में जाहिर नहीं करना है किसी कारण से पता चल गया तो भी लोगों की वाह-वाह भीतर में स्पर्श होने नहीं देना। प्रशंसा मात्र होंठ से नहीं, लेकिन ये शब्द दिल से निकलना चाहिए। दिल में एक भी शुभ भाव आये ये सब अरिहंत परमात्मा की कृपा होती है । जो कुछ हमारे जीवन में अच्छा है वह सभी अरिहंत प्रभु की कृपा से है। हमारे अंदर बैठे अहम् को सुनाना है क्योंकि ये सोच हमारे लाभ की सुरक्षा कर्ता है।



# भगवान के नाम के स्मरण मात्र से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी मंदिर संघ मामुलपेट के तत्वावधान में राजेन्द्र भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि गुरु गौतमस्वामी का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी, नाम जपने से मिटते हैं सारे कष्ट। गुरु की भक्ति कभी खाली नहीं जाती है अवश्य मिलता है उसका फल। गणधर गौतम स्वामी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। भगवान के नाम के स्मरण मात्र से सारे कष्ट दूर हो जाते है। सच्चे मन से भक्ति करने वालों के जीवन में सुख शांति व समृद्धि का वास रहता है। कलयुग में जप-तप ही है जो हमारे जीवन को निर्मल व सार्थक बना सकते है।

साध्वी शीतलगुणाश्री जी ने कहा कि व्यवहार घर का शुभ कलश है और इंसानियत घर की तिजोरी, मधुर वाणी घर की धन-दौलत है और शांति घर की महालक्ष्मी। पैसा घर का रुतबा है और एकता घर की ममता, व्यवस्था घर की शोभा है और समाधान सच्चा सुख। इन सब को अमल में लाओगे तो फायदे में रहोगे।

बाकी जो लोग मौज-मस्ती, ध्यान-व्यायाम के लिए समय नहीं निकाल पाते, वो देर-सबेर बीमारी के लिए समय निकाल लेते हैं।

मेघराज भंसाली ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 9 बजे गौतम लब्धि कलश अनुष्ठान गुरु राजेंद्र भवन में आयोजित किया गया है। 21 अगस्त को कालसर्प दोष निवारण हेतु भव्य अनुष्ठान होगा। बियासणा लाभार्थी सुआबाई लालचंद भंडारी परिवार का ट्रस्ट द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अनेक सदस्य उपस्थित थे।




# दूसरों पर की गई उदारता हमेशा लाभकारी : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणीबेन्नूर। शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूतिपूजक संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने कहा कि अच्छे अच्छे सुखी-संपन्न और श्रीमंत लोगों की आदत होती है कि कई बार छोटे से छोटे व्यक्तियों जैसे आटोरिक्शा, सब्जी वाले के पैसे तो रोक लेते हैं परन्तु रेल, हवाई टिकट के ऊंचे किराए में भी कोई आनाकानी नहीं करते। आचार्यश्री ने कहा कि हम छोटे व्यापारियों के पैसे तो रोक लेते है क्योंकि वह हमारा आदर करते है और अपना व्यवहार बनाए रखना चाहते हैं परन्तु रेल टिकट, मॉल वाले को हमारे व्यवहार से कुछ नहीं है इसलिए हम अपनी इज्ज़त बनाए रखने के लिए बिना मोलभाव किए पूरा पैसा देते है। व्यक्ति को हमेशा अपने नीचे वाले का सम्मान व सहयोग करना चाहिए। छोटे व्यक्ति को हमेशा बड़े व्यक्ति से सहयोग की आशा होती है। यदि आप अपने कम हैसियत वाले की मदद करेंगे तो वह हमेशा आपका बनकर रहेगा। आचार्यश्री ने कहा कि हमें कई बार बिना को मतलब की वस्तु भी उन लोगों से ले लेनी चाहिए जो अपनी आजीविका के लिए कार्य करते हैं ।

# धन है तो टकराव होगा और धर्म होगा तो प्यार होगा : साध्वी प्रियवर्षाजंनाश्री



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के मागड़ी रोड स्थित सुमतिनाथ जैन श्वेतांबर संघ में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री प्रीतिसुधाश्रीजी की निश्रा में साध्वी प्रियश्रेयांजनाश्रीजी की निश्रा में धर्म बिंदु ग्रंथ और अमरकुमार सुरसुंदरी चरित्र का वाचन करते हुए साध्वी प्रियश्रेयांजनाश्रीजी म सा ने कहा धन जहां है, वहां पर टकराव, अहंकार, दीवार होती है और धर्म जहां होता है वहां प्रेम, संबंध और प्यार होता है । धन के मद में इंसान बहुरूपिया है। इसके दो अर्थ है एक ज्यादा रुपया और दूसरा दो रूप करने वाला।

मद 8 प्रकार के है, कुल, जाति, रुप, ज्ञान, धन, तप, बल व रिद्धि मद । अहंकारी न तो माफ़ी मांगेगा और न ही किसी को माफ़ करेगा। विनयवान माफ़ भी करेगा और माफ़ी भी मांगेगा। अहंकार हथौड़े का काम करता है, ताला खोलने के लिये विनम्रता की चाबी चाहिए।

विनम्रता वाला व्यक्ती कभी न कभी काम ही आता है। जो अकड गया वो जकड़ गया। अहंकार जल्दी नज़र नहीं आता है। बडे बनने के लिए झुकना पड़ेगा, नमना पड़ेगा,अहंकार किया तो अपमान और झुक गए तो सम्मान।

।। ॐ वन्देवाणी विनायकौ ।। ।। पिबत भगवन्त रसमाल्यम्।। ।। ॐ श्री राधाकृष्णाभ्यां नम:।।
पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर तीन दिवसीय
श्रीमद् भागवत कथा
दशम स्कन्ध
आचार्य श्री वेदानंदजी शास्त्री आनंद
शुक्रवार 28 से रविवार 30 जुलाई तक
समय : दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक





श्री वेदानंदजी शास्त्री
कथा स्थल : प्रिंसेस ग्रीन, गेट नं. 9,
पैलेस ग्राउंड, बल्लारी रोड, बेंगलूरु 560 080
नोट : कथा के पश्चात तीनों दिन कथा स्थल पर ही **महाप्रसाद** की व्यवस्था निशुल्क रखी गई है, लाभ लेंवे।
श्रीमद् भागवत कथा में आप सभी सपरिवार ईष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित है।
कथा प्रारंभ आज से
सम्पर्क सूत्र : निशु कमल : 98452 92040
आशुतोष कुमार : 93422 50912 सुनील यादव : 96322 10101

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com